

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 14 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-255 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 दिसंबर 2022 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## आरक्षण विधेयक पर अब तक हस्ताक्षर नहीं

# राज्यपाल पर भाजपा बना रही दबाव : भूपेश

**रायपुर,14 दिसंबर**

छत्तीसगढ़ में आरक्षण संशोधन विधेयक पर कानूनी सलाह की तलवार लटकी हुई है. छत्तीसगढ़ में सियासी बवाल मचा हुआ है. भाजपा और कांग्रेस में ठन गई है. एक दूसरे में जुबानी जंग तेज है. इसी कड़ी में सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जो तुरंत साइन करने वालीं थीं, वो आज भाजपा के दबाव में किंतु-परंतु कर रही हैं.

मीडिया से बातचीत में सीएम भूपेश बघेल ने आरक्षण विधेयक पर अब तक राज्यपाल के हस्ताक्षर न होने पर मुख्यमंत्री भूपेश ने बीजेपी पर निशाना साधा है. सीएम ने कहा कि जो राज्यपाल अनुसुईया उईके तुरन्त

### राज्यपाल भोली व निश्छल महिला



हस्ताक्षर करने वाली थीं, वो अब किंतु परंतु लगा रही हैं. राज्यपाल भोली महिला हैं, निश्छल हैं, आदिवासी हैं. सीएम भूपेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल पर दबाव बना रही है. इनके कई मुंह हैं. एक बोलता है, 70 दिन तक क्या करते रहे? दूसरा बोलता है इतनी जल्दी लाने की क्या जरूरत ? सीएम ने कहा कि विधानसभा से एक्ट पारित हुआ है, तुरन्त लागू होना चाहिए, रोका नहीं जाना चाहिए. हस्ताक्षर होकर जब तक हमारे पास नहीं आएगा, हम आगे काम कैसे करेंगे.

प्रदेश की जनता के साथ मजाक बना कर रखे हैं. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिए 13 फीसदी आरक्षण, ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण और ईडब्लूएस के लिए चार फीसदी रिजर्वेशन का प्रावधान किया गया है.

## सीएम ने बताई 4 साल की उपलब्धियां

# चाउर वाले बाबा ने किया केवल घोटाला

**रायपुर,14 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस सरकार की 4 साल की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि चार सालों में हमने सभी वर्गों के विकास का कार्य किया है। अर्थव्यवस्था में बदलाव लाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 15 वर्षों में कुछ नहीं किया। भाजपा ने प्रदेश को केवल चाउर वाले बाबा दिया और इसी चाउर वाले बाबा ने प्रदेश को नॉन घोटाला दिया। सीएम बघेल ने कहा, हमारी सरकार 2018 में बनी, उसके बाद से 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदी जा रहा. हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, उसका लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा. छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान भी देश-विदेश में है. आदिवासी नृत्य महोत्सव पूरी दुनिया में गई है. सिरपुर को हमने उभारने की कोशिश की, उसका लाभ मिला. आज हर छत्तीसगढ़ का वासी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है.

सीएम बघेल ने कहा, हमारे पूर्वज भी कहते थे कि छत्तीसगढ़ सस्य श्यामला धरती है. यहां भोले-भाले लोग रहते हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सबको मिलना चाहिए. यहां भरपूर खनिज संपदा है. सबका लाभ यहां के लोगों को मिलना चाहिए. सीएम ने कहा, एक तरफ गोबर बेच के पैसा कमाया जा रहा है. इससे लोगों के जीवन में परिवर्तन आया. लोगों की आमदनी बढ़ी. राजीव गांधी न्याय योजना के कारण पशुपालन की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा. दूध उत्पादन और धान का उत्पादन भी बढ़ा. दूसरी तरफ लघु उपज का संग्रहण अधिक हुआ, जिसका लाभ लोग ले रहे हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, पूरे बस्तर से लेकर सरगुजा तक लोगों के आय में वृद्धि हुई है. हर वर्ग के लोगों की आय में वृद्धि हुई है. पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था व्यापक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हुए. एक समय लोगों की मलेरिया से मौतें होती थी, उल्टी दस्त से मौतें होती थी, अब वह बात नहीं. शहरी क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य योजना, डाइट लेने की योजना, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ. डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, विशेष सहायता योजना हमने लागू की. 17-18 लाख रुपए तक लोगों को सहायता दी गई. जो बीमार पड़ते थे उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी. अच्छे-अच्छे लोग जो 15 लाख खर्च नहीं कर सकते थे ऐसे समय में सरकार उनके साथ खड़ी थी.

सीएम बघेल ने कहा, सीएम बघेल ने कहा, राहुल गांधी महंगाई, बेरोजगारी और देश के नौजवानों के लिए पूरे देश में पदयात्रा कर रहे हैं. उन्होंने कहा रमन सरकार के कार्यकाल में बस्तर के 600 गांव थे, उसमें 260 स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले. कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज, हॉर्टिकल्चर कॉलेज, मेडिकल कॉलेज खोले, जितने इन्होंने 15 साल में नहीं खोले. उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार प्राप्त हो, नौजवानों के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क हमने लागू किया. 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन किया है, इससे लोगों को रोजगार मिलेगा.

## संक्षेप

### खड़िया बांध में पलटी नाव,1 की मौत

**लोरमी,14 दिसंबर।** खड़िया बांध में एक बड़ा हादसा हो गया. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक खुड़िया बांध में एक नाव पलट गई. नाव में मछली ठेकेदार के दो चौकीदार सवार बताए जा रहे है. अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक मछली रखवाली के लिए रात में नाव पर दो युवक सवार थे. इस हादसे में एक युवक तैरकर अपनी जान बचाई वहीं, बचाई अपनी जान दूसरे की डूबने से मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक मछली ठेकेदार के ये दोनो चौकादारी रात में गश्त में निकले थे. रोजाना इनकी ड्यूटी होती है कि एक दिन पहले पकड़ी गई मछली किसी ने चोरी तो नहीं की. मंगलवार देर रात भी ये गश्त में थे. इसी दौरान नाव पलट गई. नाव में सवार जो व्यक्ति बचा उसके मुताबिक मृतक भी तौराक था, लेकिन मछली के जाल में ही फंसने की वजह से वो बाहर नहीं निकल पाया और उसकी मौत हो गई. मृतक का नाम रोहित यादव (31) बताया जा रहा है. वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

### रेलवे ट्रैक पार करते समय पिता-पुत्र की ट्रेन से कटकर मौत

**बिलासपुर , 14 दिसंबर।** बिलासपुर जिले के कोटा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि यहाँ रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत हो गई है। पुलिस ने को दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार कोटसागरपारा निवासी श्याम कारे (50) रोजी मजदूरी करता था। उसकी पत्नी तुलसा कारे (46) और बेटा उमेश कारे (29) भी उसके साथ काम करते थे। सोमवार की रात तीनों रिश्तेदारी में कोटा आए थे। रात में श्याम और उसके बेटे उमेश ने शराब पी रखी थी। तीनों खाना खाने के बाद रात में ही पैदल गांव जाने के लिए निकल गए। तुलसा कारे उनके आगे-आगे चल रही थी, जबकि, श्याम और उसका बेटा पीछे था। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे तीनों रेलवे फाटक के पास पहुंचे थे। तुलसा रेलवे ट्रैक पार कर आगे चली गई। इस दौरान श्याम और उमेश ट्रैक पर ही थे। तभी ट्रेन आ गई और दोनों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। ट्रेन की ठोकर से उमेश 10 फीट दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, उसके पिता श्याम के सिर में गंभीर चोटें आई और वह बेहोश होकर ट्रैक के किनारे गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी। इस दौरान घायल श्याम के साथ ही उमेश के शव को कोटा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्याम को बिलासपुर रेफर किया गया। लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

**जयपुर,14 दिसंबर।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन बुधवार को राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। सवाई माधोपुर के भदोती से बुधवार सुबह फिर शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी की रघुराम राजन से आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई।

राजन आर्थिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने एक डॉक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपने विचार रखे।



# सीएम ने किसानों से कहा-पैरा न जलाएं

**रायपुर, 14 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री ने कहा हमने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम 4 मई से शुरू किया, सरगुजा, बस्तर से होकर मोहला-मानपुर सहित अन्य जगह से होते हुए आपके पास आये हैं। जब हम आ रहे थे तो गंध आ रही थी, पैरा जला रहे थे यह उचित नहीं है। आप लोग पैरा न जलाए, दिसंबर आधा बीत गया, पर ठंडी नहीं है, यह सब कार्बन उत्सर्जन के कारण हुआ है। प्रदूषण फैल रहा है। पैरा जलाने का कोई फायदा नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इसलिए हम चाहते हैं कि आप पैरा दान करें। मुख्यमंत्री बघेल ने महासमुंद के बरगापाली में कहा कि हमने सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया। 19 लाख से ज्यादा किसानों का साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ हुआ। वे पहले कर्ज में डूबे रहते थे। किसानों से जो वादा किया था, उसे घाटा सहकर भी हमने पूरा किया। 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदा। केंद्र सरकार ने कहा कि समर्थन मूल्य से एक रुपये ज्यादा देंगे तो धान नही लेंगे, पर हमने अपना वादा पूरा किया और उसमें अडिग रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े नाला प्रोजेक्ट में किसानों के खेत डूब जाते हैं। हम छोटे-छोटे स्ट्रक्चर बना रहे हैं। इसके जरिए पानी रोक-रोक कर लाते हैं। इससे सतह पर पानी मिल जाता है साथ ही जल स्तर बढ़ता है। पानी रोकने से जमीन में नमी बनी रहती है। आज जरूरी है कि सभी नरवा में पानी रोका जाए ताकि किसान के साथ पशु-पक्षी को पीने के लिए पानी मिले। उन्होंने कहा कि हमने गाय की सेवा का कार्य किया है। हम गोमूत्र खरीद रहे हैं, गोबर खरीद रहे हैं। गोबर और गोमूत्र खरीदने से जो तो दुधारू गाय नहीं है उन्हें भी लोग रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरवा की सेवा करना है । गोबर बेचना है तो उसे बांधकर रखना होगा, चारा खिलाना पड़ेगा, इसलिए आप सभी से निवेदन है कि पैरादान जरूर करें।

# चीन से यह कैसा रिश्ता हैः कांग्रेस

**नई दिल्ली,14 दिसंबर।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीन के सैनिकों के बीच 9 दिसंबर को झड़प हुई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया कि चीन के सैनिकों के द्वारा अतिक्रमण की कोशिश की जा रही थी। इसके बाद भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें वापस खदेड़ भेजा। हालांकि, इस झड़प को लेकर देश की राजनीति जबरदस्त गर्म है। संसद में भी यह मामला उठाया गया है और विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा है। इसके अलावा विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी जवाब मांगा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस ने एक जबरदस्त दावा किया है। कांग्रेस ने कहा है कि चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि मोदी के गुजरात हारने से चीन को नुकसान होगा। इसके साथ ही कांग्रेस ने इस पर प्रधानमंत्री मोदी से जवाब मांगा है।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि भारत और चीन के बीच अप्रैल 2020 से जो तनाव चल रहा है उस पर संसद में एक बार भी चर्चा नहीं हुई है। हमारे जांबाज सिपाही चीन को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं मगर चीन सरहद पर क्यों तनाव बढ़ा रहा है, इस पर संसद में व्यापक चर्चा की जरूरत है। मैंने इसलिए कल भी काम रोका प्रस्ताव दिया था और आज भी काम रोको प्रस्ताव दिया है और इस विषय को लोकसभा में उठाएंगे।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर लिखा कि 16 जून 2020 को चीनी सैनिकों के साथ झड़प में हमारे 20 बहादुर जवान शहीद हुए। हमारे जवानों ने भी बहादुरी से उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। बड़ी संख्या में चीनियों को मार गिराया।

खड़गे ने आगे कहा कि तवांग, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख – भारत के अभिन्न अंग है। हमारे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री सभी वहाँ जाते रहते हैं। इसके बावजूद चीन किस अधिकार से उस इलाक़े में घुसपैठ करना चाहता है? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश की ओर से हम चाहते हैं कि सारी स्तिथि स्पष्ट हो। भारत की धरती पर क़ब्ज़ा हम किसी को नहीं करने देंगे। पूरा देश इस विषय पर एकजुट है। पर आपको देश को साफ़ - साफ़ बताना पड़ेगा। गलवान में शहीद हमारे जवानों के लिये, सारे तथ्य बताने चाहिए। संसद में चर्चा करिये।

# सौम्या चौरसिया को भेजा गया जेल

**रायपुर,14 दिसंबर**

कोयला परिवहन घोटाला और मनी लाड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव सौम्या चौरसिया को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने आज कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सौम्या अब 28 दिसंबर तक जेल में रहेंगी।

रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी ने आज सौम्या चौरसिया को जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया। सौम्या चौरसिया को कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। इस मामले में सौम्या चौरसिया ईडी की रिमांड पर हैं। वहीं आईएएस समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत और सुनील अग्रवाल न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। सभी आरोपियों की रिमांड अवधि आज पूरी हो गई है।ईडी ने इस ममले में कुछ दिन पहले उपसचिव सौम्या चौरसिया, आईएएस समीर बिश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी समेत पांचों आरोपितों की 152.31



करोड़ रूपए की 91 संपत्ति कोर्ट ने अटैच कर दी है। यह कार्रवाई 25 रुपये प्रति टन कोयले पर कमीशन (सरकारी एक्सटार्शन) मामले में की गई है। ईडी ने शनिवार यानी 10 दिसंबर को पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के बाद चारों आरोपियों आईएएस बिश्नोई, सूर्यकांत, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल को 13 जनवरी तक के लिए जेल भेज दिया गया। वहीं सौम्या चौरसिया को 4 दिन की ईडी रिमांड स्वीकृत की गई।

# चलते ट्रक में ड्राइवर को पैरालिसिस अटैक ,पुलिसवाले ने बचाई जान

**दुर्ग,14 दिसंबर।** दुर्ग हाईवे पेट्रोलिंग की सूझबूझ से एक ट्रक चालक की जान बच गई और बड़ा हादसा होने से टल गया। पेट्रोलिंग टीम ने सड़क पर लहराते चल रहे ट्रक का पीछा कर उसे रुकवाया। चेक करने पर पाया गया कि ट्रक चालक को पैरालिसिस अटैक आया है। टीम ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इस तरह न सिर्फ ट्रक चालक की जान बची, बल्कि एक बड़ी सड़क दुर्घटना होने से भी बच गई। जानकारी के मुताबिक एएसआई राजेश पांडेय हाईवे में बीती रात पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। देर रात 12 बजे के करीब उन्होंने पाया कि रायपुर से दुर्ग एनएच में नेहरू नगर चौक से पहले एक ट्रक CG 07 MB 1975 काफी लहराते हुए आ रहा है। राजेश ने सोचा कि चालक शराब के नशे में होगा, कहीं कोई बड़ी सड़क दुर्घटना न हो जाए उन्होंने तुरंत पेट्रोलिंग चालक सूर्या को ट्रक का पीछा करने के लिए कहा। सूर्या ने तेजी से ट्रक का पीछा किया और पेट्रोलिंग वाहन को ट्रक के सामने लगा कर रुकवाया। जैसे ही ट्रक रुका राजेश पाण्डेय पेट्रोलिंग वाहन से उतर कर ड्राइवर के पास पहुंचे। उन्होंने पाया कि ट्रक के चालक को पैरालिसिस अटैक आया है। वह ड्राइवर केबिन में ही स्टेरिंग के ऊपर गिरा है। अटैक आने की वजह से वह ट्रक को नियंत्रण नहीं कर पा रहा था। एएसआई ने तुरंत ट्रक चालक को नीचे उतारकर अपने वाहन से सुपेला अस्पताल पहुंचाया।

## कतर विश्व कप फुटबाल 2022, सेमीफायनल में क्रोएशिया को अर्जेंटीना ने किया बाहर

jasclaudius@gmail.com

# टीम प्रबंधन की रणनीति ने दिलाई जीत

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

संसार की सबसे लोकप्रिय चैंपियनशिप विश्व कप फुटबाल के पहले सेमीफायनल में अब तक अनपेक्षित प्रदर्शन करने वाली क्रोएशिया (12) को अर्जेंटीना (03) ने एकतरफा 3-0 से परास्त करके 1930,1978,1986,1990,2014 के पश्चात छठी बार फायनल में प्रवेश कर लिया है।

इस स्पर्धा में सबसे श्रेष्ठ ब्राजील (01) की टीम को नाकआउट के क्वार्टर फायनल में पेनाल्टी शूटआउट से पराजित करके विश्व कप इतिहास के सेमीफायनल में 1998,2018 के उपरांत तीसरी बार जगह बनाने वाली क्रोएशिया की टीम को आखिरकार प्रतियोगिता से बाहर जाना पड़ा। 2018 की उपविजेता क्रोएशिया की टीम ने इस बार भी यादगार प्रदर्शन किया और ग्रुप स्टेज में बेल्जियम जैसी विश्व की नंबर दो टीम और मोरक्को (22) से बराबरी करके राउंड आफ 16 में पहुंची थी। इसके पहले जापान को पेनाल्टी शूटआउट में परास्त किया था।

दूसरी तरफ अर्जेंटीना (03) सउदी अरब से 1-2 से मात खा गई परंतु ग्रुप स्टेज के अन्य मैच में पोलैंड, मैक्सिको 2-0 के अंतर से शिकस्त देकर राउंड आफ 16 में स्थान बनाया। यहां आस्ट्रेलिया को 2-1 से तथा क्वार्टर फायनल में नीदरलैंड्स को पेनाल्टी शूट आउट में 4-3 से पछाड़कर सेमीफायनल में छठी बार पहुंची। दोनों टीम के बीच यह मुकाबला जिस तरह कागजों पर था वैसा ही पिच पर हुआ। क्रोएशिया ने उलटफेर जरूर किया लेकिन अपने 5 मैच में प्रतिद्वंद्वियों पर सिर्फ 6 गोल दागे और उन पर तीन गोल हुए दूसरी तरफ अर्जेंटीना की



टीम ने 5 मैच में विपक्षियों पर 9 गोल दागे और उन पर 5 गोल हुए। इसमें से अर्जेंटीना कप्तान लियोनल मैसी ने अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 गोल लगाए।

इस तरह स्पष्ट है कि क्रोएशिया के फारवर्ड चाहे कितनी भी ताकत से खेले परंतु वे गोल दागने में अपेक्षाकृत सफल नहीं हुए। उनका निशाना डी के अंदर और गोलपोस्ट के आसपास सटीक नहीं था। यही हाल आज के सेमीफायनल में हुआ। आज मुकाबले के दौरान 54 प्रतिशत समय तक गेंद क्रोएशिया के पास रही जबकि सिर्फ 34 प्रतिशत अर्जेंटीना के खिलाड़ियों के नियंत्रण में रही। इसी तरह क्राऐशिया के फारवर्ड ने अर्जेंटीना पर 12 बार गोल दागने के लिए प्रयास किया जिसमें एक में भी सफलता नहीं मिली जबकि अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने 10 बार में से 3 बार क्रोएशिया की रक्षापंक्ति को भेदकर गेंद को गोलपोस्ट में डालने में सफलता प्राप्त की।

स्पष्ट है ब्राजील को पराजित करने वाली क्रोएशिया की टीम का पूरा अध्ययन विभिन्न कोणों से अर्जेंटीना के विशेषज्ञों ने पहले ही कर लिया था। 4-3-3 की पोजिशन से खेलने वाली क्रोएशिया की टीम के खिलाफ 4-4-2 खिलाड़ी संयोजन से मुकाबला करने वाली अर्जेंटीना की टीम ने आखिरकार सफलता पाई।

ब्राजील की हार का पूरा लाभ अर्जेंटीना ने उठाया। उनके टीम प्रबंधन द्वारा यूरोपीय पद्धति से खेलने वाली क्रोएशिया की टीम की शुरू से ही कमजोरियों पर ध्यान रखते हुए मुकाबला किया। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की टीम अर्जेंटीना आखिरकार 21वीं सदी में 2014 के पश्चात दूसरी बार फायनल में पहुंचने में कामयाब हुई। दूसरा सेमीफायनल फ्रांस विरुद्ध मोरक्को होगा। इसके परिणाम के लिए खेल प्रेमी बेहद उत्सुक हैं। परंतु अनुभव के आधार पर फ्रांस का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

# ओवर ब्रिज हादसे में माता-पिता को खोने वाली बच्ची को मिलेंगे 15 लाख

**दुर्ग , 14 दिसंबर।** दुर्ग जिले में कुम्हारी ओवर ब्रिज पर हुए हादसे में अपने माता-पिता को खो चुकी अन्नू देवांगन की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य जरूरतों के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कर रही कंपनी रायल इंफ्रा पंद्रह लाख रुपए की राशि प्रदान करेगी।

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने इस संबंध में कंपनी के प्रबंधन से चर्चा की और उन्हें बच्ची की परवरिश की जिम्मेदारी उठाने कहा। अधिकारियों ने प्रबंधन से कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण की अनुबंध शर्तों में सुरक्षा संबंधी सभी बातों का पूरा ध्यान रखना शामिल था। कंपनी ने इस पर लापरवाही की जिससे यह गंभीर हादसा हुआ। इस हादसे में बच्ची ने अपने माता-पिता को खो दिया और अब उसके सामने परवरिश की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए उसके परवरिश का खर्च कंपनी उठाये। इस पर चर्चा के पश्चात प्रबंधन ने पंद्रह लाख रुपए की राशि प्रदान करने की बात कही। कंपनी प्रबंधन गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा और एसपी डा. अभिषेक पल्लव की उपस्थिति में पंद्रह लाख रुपए की राशि का बिटिया का चेक परिजनों को प्रदान करेगा।

### मेघालय के चार विधायक बीजेपी में शामिल

**शिलांग,14 दिसंबर।** मेघालय में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसको लेकर राजनीतिक दलों की ओर से अबी से ही जोरआजमाइश शुरू कर दी गई है। आगामी 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलॉग में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोहों में शामिल होने के लिए आने वाले हैं।

## एक नजर

### सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने विधायक को मांगों का ज्ञापन सौंपा



**कवर्धा, 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक महोदया पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर को आज दिनाँक 14.12.2022 को ज्ञापन एवं मनोकामना श्रीफल उनके निज निवास मे सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक एवं सदस्यों जिसमें श्री संजय सोनी सौरभ तिवारी ओमकार सिन्द्राम जी दंत सहायक एवं श्री संजय काठले जी मनरेगा की उपस्थिति में दिया गया। विधायक महोदया के द्वारा आज ही पत्र प्रेषित करने एवं आप लोगों की बात को रखने हेतु सहमति दी है उक्त जानकारी संजय सोनी ने दी।

### ब्राउन शुगर बेचने वाली महिला पकड़ाई



**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र किराए के घर में रहकर अवैध रूप से नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर बेचने वाली महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 108 नग सफेद कागज की पुड़िया में लपेटा ब्राउन शुगर जिसकी कीमत लगभग 27000 है को जप्त किया है आरोपिया के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट 21 (ख), 27 (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है पुलिस के मुताबिक टीम को सूचना मिली कि ग्राम पोंडी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम निवासी महिला वर्तमान में मिलपारा में एक किराए के मकान में निवास कर अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बेचने का कार्य कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मिलपारा निवासी श्रीमती रेशमा खान पति अनवर खान (35 वर्ष) के पास से 108 नग कागज की पुड़िया में ब्राउन शुगर जब्त किया है पकड़ाई गई रेशमा खान ने पुलिस को बताया कि उसने ब्राउन शुगर नागपुर महाराष्ट्र से लाई है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत



भिलाई, 14 दिसंबर। नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम कोडिया में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम कोडिया निवासी देवी निर्मलकर पिता चैन सिंह उम्र 35 साल अपने ही गाँव मे तालाब में नहाने गया था। जहाँ गहराई में जाने के कारण वह डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से जाल डालकर मृतक को बाहर निकाला गया। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायगी।

# कांग्रेसियों ने सिग्नल चौक में पूर्व सीएम रमन सिंह का पुतला जलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 दिसंबर।** कवर्धा में भाजपा के द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरी तथा भाजपा सहित पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह का पुतला जलाया। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री पर अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए गुंडागर्दी करवाकर कवर्धा का शांत माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। सैकड़ों कांग्रेसजनों की उपस्थिति में पुतला दहन कार्यक्रम सिग्नल चौक में कबीरधाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ (नीलू) चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया।6 दिसंबर को भाजपा के प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित जाति के पुलिस आरक्षक के साथ धक्का मुक्की कर अश्लील गाली देने वाले भाजपा के सौरभ सिंह के बचाव में पूरी भाजपा के सामने आने के विरोध में कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।भाजपा के प्रदर्शनों में उत्पात मचाते दिखने वाले सौरभ सिंह के खिलाफ पुलिस आरक्षक के साथ हुई घटना के मामले में कवर्धा के कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है।सौरभ सिंह को फरार बताया गया है जिसकी पैरवी भाजपा के नेतागण कर रहे हैं।

सरकार डाल रही जनता के जेब में पैसा,सभी लोग खुशहाल पुतला दहन कार्यक्रम में नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है।छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए दिन रात कार्य कर रही है। कवर्धा सहित पूरे कबीरधाम जिले में कवर्धा के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर राज्य सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहना रहे हैं।कवर्धा व कबीरधाम का अभूतपूर्व विकास हो रहा है।



नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से सभी वर्गों के लोगों को लाभ हुआ है।छत्तीसगढ़ सरकार अपनी योजनाओं से अलग अलग सभी वर्गों के लोगों के जेब में पैसे डाल रही है।छत्तीसगढ़ के मजदूर,किसान, नौजवान, गरीब वर्ग, महिला,व्यापारी,छोटे दुकानदार सभी लोग खुश हैं।भूपेश बघेल सरकार,कांग्रेस पार्टी और मोहम्मद अकबर की लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी के लोग बौखला गई है,भाजपाई विचलित हो गए हैं। मुद्दा विहीन भारतीय जनता पार्टी कवर्धा में उलूल जुलूल हरकतें कर कवर्धा की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रही है। इससे आम जनता परेशान हो रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सौरभ सिंह द्वारा पुलिस आरक्षक के साथ जबरदस्ती धक्का-मुक्की कर गाली गलौच किया गया , जिस पर कवर्धा थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।उस आरोपी को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है जो कि गलत है ।कानून के रखवाले के साथ अपराध करने वाले को उसके अपराध की सजा मिलना ही चाहिए। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग सौरभ सिंह के साथ खड़े हुए हैं।ये दर्शाता है कि गुंडागर्दी करना भाजपा की प्रवृत्ति है तथा उनके संस्कार इसी तरह के है।

### प्रदर्शन में सभी प्रमुख कांग्रेसजन हुए शामिल

कांग्रेस पार्टी के विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ईश्वर शरण वैष्णव,कवर्धा कृषि मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंद्रभान कोसले,विधानसभा अध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा , तेजस्वी चंद्रवंशी, सेवादल के जिला अध्यक्ष मुकेश झारिया,राजीव गांधी युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक मनीष शर्मा ,शहर कांग्रेसअध्यक्ष मोहित महेश्वरी, विधानसभा समन्वयक विकास केसरी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी,पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार,पंडरिया नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान,बोडला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, कवर्धा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रानू दुबे, तारिणी ठाकुर, रोशनी मेरावी, श्रीमती चंद्राकर जी, कवर्धा कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू ,बोडला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा, सहसपुर लोहारा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामचरण पटेल,शेष नारायण बैस, सुमन सिंह धुर्वे,सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अमर वर्मा , अमित अवस्थी, रामफल कौशिक, जोहान खांडे,राजू तिवारी, जमीन खान , भीषण तिवारी, उत्तरा चंद्राकर, श्री अशोक सिंह जी श्री राजेंद्र मारकंडे, भोला चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, गोपाल चंद्रवंशी ,प्रशांत परिहार ,कन्नू नामदेव,टीकम शर्मा, गोरे चंद्रवंशी,मनीष चंद्रवंशी, आनंद ओगरे ,शरद बांगली,अंकित चौबे,नीरज चंद्रवंशी सत्येंद्र वर्मा , मणिकांत त्रिपाठी जी जितेन ठाकुर, विजय पांडे ,लक्की कादरी ,विजय वैष्णव, भीकम कोसले, नरेंद्र देवांगन ,सुनील साहू,विक्की वर्मा, पंचू कोसरिया,अजीत साहू ,रोहित चंद्रवंशी कपिल श्रीवास ,गोवर्धन यादव ,झम्मन चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी ,तुलसी पटेल ,संतोषी साहू ,दयाराम खुसरो, मनोज दुबे, हुकुम सिंह हीमलेश निर्मलकर, क्लेश चंद्रवंशी, कौशल कौशिक, राहुल सिन्हा ,कन्नू सोनी , जलेश यादव भूपेंद्र राजपूत, कृष्णा साहू ,लेखा राजपूत, संजय चंद्रवंशी विशाल तिवारी ,अजय गुप्ता, रामचरण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी, निर्वाचित व मनोनीत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# वैशाली नगर जोन के बकाएदारों से वसूले 4.59 लाख रुपए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 दिसंबर।** कुर्की पर कार्रवाई के लिए भिलाई निगम ने सख्ती दिखाना प्रारंभ कर दिया है। जिसके तहत बकायेदारों से कुर्की के माध्यम से वसूली का काम किया जा रहा है। दो दिनों में कार्रवाई के दौरान वैशाली नगर के 7 बकायेदारों से 4 लाख 59 हजार 919 रुपए टैक्स की वसूली की गई। इसी प्रकार से प्रत्येक जोन क्षेत्र में कुर्की वसूली की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर इसके लिए दल का गठन कर दिया है तथा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के मुताबिक कुर्की अधिकारी कुर्की वसूली की कार्रवाई कर रहे है। नवंबर से लेकर अलग-अलग दिवस में 23 दिसंबर तक कुर्की वसूली की कार्रवाई हो रही है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवन/भूमियों पर बकाया राशि की वसूली के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया था, इसके बाद धारा 174 के तहत दूसरी नोटिस जारी की गई थी इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने वालों को धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किया गया है। ऐसे बकायेदारों पर निगम अब सख्ती की मंशा से कार्रवाई कर रही है। कुर्की दल में शामिल अधिकारी कुर्की की कार्यवाही के दौरान पर्याप्त मात्रा में सुपुर्दगी नामा पत्रक, कुर्क पत्रक एवं सील, मोहर, स्टेशनरी आदि भी साथ में रख रहे है, कुर्की के दौरान स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड ब्रांच भिलाई के कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से इस कार्यवाही में मौजूद हो रहे है। गौरतलब है कि निगम ने कुर्की पर कार्रवाई के लिए सूची जारी की है, इस सूची के मुताबिक बकाया राशि की वसूली कुर्की के माध्यम से की जा रही है, जिसके लिए शेड्यूल के मुताबिक कुर्की दल के अधिकारी कुर्की की कार्यवाही कर रहे है। शेड्यूल के तहत इन क्षेत्रों में चलेगा कुर्की का अभियान 15 एवं 16 दिसंबर को मदर टेरेसा नगर जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में, 19 एवं 20 दिसंबर को शिवाजी नगर जोन 4 क्षेत्र में तथा 22 एवं 23 दिसंबर को जोन क्रमांक 5 के हुडको क्षेत्र में बकाया राशि की वसूली के लिए कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# आयुक्त ने कार्य विभाजन कर अभियंताओं को सौंपा दायित्व

**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कार्य विभाजन कर अभियंताओं को विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारी दी है। इसके तहत बीके देवांगन, प्रभारी अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना तथा अमृत मिशन 77 एवं 66 एमएलडी के कार्यों के लिए नोडल अधिकारी का दायित्व, परियोजना शाखा, जोन क्रमांक 1, 2 एवं 3 के प्रभारी अधीक्षण अभियंता का दायित्व। दीपक जोशी प्रभारी अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, सरोवर जल धरोहर संरक्षण, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना, विधानसभा से संबंधित, 14 वे एवं 15 वे वित्त आयोग, पौनी पसारी योजना, मुख्यमंत्री घोषणा, खनिज न्यास मद, जिला योजना सांख्यिकी विभाग, राज्य स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक, परियोजना शाखा, राज्य एवं जिला स्तरीय वीडियो कांफ्रेंसिंग, कलेक्टर सेक्टर जिला दुर्ग से संबंधित समस्त जानकारी एकत्रित कर प्रेषित करना, परियोजना शाखा से संपादित कार्य, जोन क्रमांक 3 बीएसपी के वार्ड, जोन क्रमांक 4 एवं जोन क्रमांक 5 के प्रभारी अधीक्षण अभियंता, शासन को समय-समय पर भेजी जाने वाली समस्त जानकारी एकत्र का प्रेषित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# टी एंड डी के कार्मिकों को शिरोमणि पुरस्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 14 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत टी एंड डी संगठन विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को दिनांक 09 दिसम्बर 2022 को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। माह सितम्बर के लिए चित्र गुप्त कापसे एवं दीनाराम काहरे एवं अक्टूबर के लिए आरिफ मंजर एवं बद्री नारायण चौधरी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जुलाई से सितंबर तिमाही के लिए विजय कुमार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक ने पुरस्कृत होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रारंभ में वरिष्ठ प्रबंधक एम डी रेड्डी ने टी एंड डी संगठन विभाग में पुरस्कृत होने वाले कार्मिकों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन किया।

# नाबालिग अपहृता व आरोपी को रूम देने वाला होटल लैंडमार्क का मैनेजर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 दिसंबर।** छावनी पुलिस को होटल लैण्डमार्क में नाबालिग अपहृता तथा नाबालिग आरोपी बिना सूचना के विगत 1 माह से रहते मिले। पुलिस ने होटल लैण्डमार्क के मैनेजर के विरुद्ध धारा 21 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। छावनी सीएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि थाना छावनी पेट्रोलिंग पार्टी ने रात्रि में होटल एवं लॉज में चेकिंग के दौरान होटल लैण्डमार्क के रजिस्टर की चेकिंग की, जिस पर रजिस्टर में नाबालिग बालक व बालिका के नाम का अवलोकन पर पूछताछ किया गया। होटल में विगत 1 माह से नाबालिग बालक व बालिका रहना पाया गया। इसके सीएसपी ने होटल संचालकों को दिए निर्देश छावनी सीएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि होटल संचालकों को निर्देश दिया है कि नियमों का पालन करें। जिस किसी को कमरा देते हैं तो उनकी आइडेंटी कार्ड व पूरा



नाम पता लिया जाए। कोई भी संदेह हो या बाहर 4-6 दिन रह रहा है तो पुलिस की सूचना दें। सीएसपी ने चेतावनी दी है कि किसी भी नाबालिग को कमरा न दें। आने वाले समय में अभियान चलाकर होटल व लॉज की चेकिंग की जाएगी बाद बालक एवं बालिका के परिजनों को सूचना दी गयी। जिस पर परिजनों के आने पर बालिका का पूर्व में थाना छावनी में धारा 363 का अपहरण होने की रिपोर्ट थाना छावनी में दर्ज होने से अपहृता की खोज कर आरोपी होटल के मैनेजर के विरुद्ध बिना किसी सूचना के अपने होटल में परिजन और पुलिस को सूचना दिये बगैर अपने संरक्षण में रखा था। छावनी पुलिस ने आरोपी रोहित राजपूत (21 वर्ष) निवासी दुर्गा नगर पानी टंकी के पास छावनी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में छावनी टीआई नवी मोनिका पाण्डेय एवं प्रआर जसपाल सिंह, आरक्षक एलिशा आर. जीतनारायण यादव, आर. सुनील शामिल हैं।

### फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई कुम्हारी निवासी एक युवक ने रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुम्हारी पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि कुम्हारी निवासी कोमल बंजारे उर्फ बुछवा ( 30 ) रात को करीब 11 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कोमल बंजारे शराब पीने का आदी था और वो पूर्व में भी कई बार फांसी लगाने का प्रयास कर चुका था

# सबसे तेज लक्ष्य हासिल करने वाला फर्नेस बना बीएसपी का महामाया



**भिलाई, 14 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया ने 12 दिसम्बर को 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन के मील के पत्थर को पार कर एक नई उपलब्धि हासिल की। 1775 दिनों में 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन को हासिल करने में सफलता प्राप्त करने के साथ बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेस-8 इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को सबसे तेजी से हासिल करने वाला सेल का ब्लास्ट फर्नेस बन गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने उपलब्धि के लिए बधाई दी। 10 मिलियन टन से 11 मिलियन टन की यात्रा को ब्लास्ट फर्नेस ने 144 दिन में पूरा किया। भिलाई इस्पात संयंत्र की आधुनिक ब्लास्ट फर्नेस महामाया उन्नत ऑटोमेशन और नियंत्रण प्रणाली के साथ दैनिक उत्पादन का ग्राफ 2 फरवरी 2018 को शुरू होने के बाद से लगातार बढ़ता रहा है। ब्लोइंग इन के बाद ब्लास्ट फर्नेस-8 ने जहां 1775 दिनों में 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन हासिल किया वहीं राउरकेला स्टील प्लांट में समान क्षमता के ब्लास्ट फर्नेस से 1830 दिन में और इस्को स्टील प्लांट में समान क्षमता के ब्लास्ट फर्नेस से 2067 दिन में 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन कर सका। इस प्रकार बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-8 सेल में सबसे तेज 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन हासिल करने वाला फर्नेस बन गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस महती उपलब्धि के लिए महामाया के प्रतिबद्ध सदस्यों और सभी सहायक शॉप्स तथा विभागों को सेल के समान क्षमता वाले अन्य दो ब्लास्ट फर्नेसों से सबसे तेज 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने के लिए बधाई दी।

### मिल्स जोन-1 में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 14 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेन्ट मिल एवं वायर रॉड मिल के महिला ठेका श्रमिकों के लिये दिनांक 12 दिसम्बर 2022 को नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मर्चेन्ट मिल एवं वायर रॉड मिल के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला ठेका श्रमिकों को वैधानिक अधिकारों, कल्याणकारी सुविधाओं, सुरक्षा, स्वास्थ्य, महिला उत्पीड़न, वेतन सुविधाओं, सीपीएफ एवं स्वच्छता के बारे में जागरूक कराना था। महाप्रबंधक प्रणव कुमार ने प्रतिभागीयों का स्वागत करते हुए सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर किसी को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनानी चाहिये एवं सभी से आग्रह किया कि वो सुरक्षा एवं अन्य विषयों पर दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक ग्रहण करें। कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। महाप्रबंधक जेवियर बेक ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य कर रहे हर व्यक्ति को अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारी, अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित सही जानकारी होनी चाहिए। महाप्रबंधक (मर्चेन्ट मिल) आर जी दलाल ने कहा कि नई चेतना कार्यक्रम महिला ठेका श्रमिकों के लिए हितकारी जन जागृति का बहुत लाभकारी माध्यम है तथा कार्मिक विभाग का यह सराहनीय प्रयास है । वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती शुभश्री प्रशांत ने कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न के संबंध में उनके मौलिक अधिकारों, स्वास्थ एवं स्वच्छता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक श्रीमती समायला अंसारी द्वारा किया गया ।

# ग्राम बिजली में लाइट एंड साउंड शो का आयोजन



**भिलाई, 14 दिसंबर।** विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट परियोजना विभाग द्वारा ग्राम बिंजली (नारायणपुर) के हायर सेकेंडरी स्कूल में एक लाइट एंड साउंड शो द्वारा इस्पात धारा का प्रदर्शन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (खदान) तपन सूत्रधार व मुख्य महाप्रबंधक (माइन्स एवं रावघाट), समीर स्वरूप के नेतृत्व में लाइट एंड साउण्ड शो का आयोजन किया गया। इस शो के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के कलाकार सुप्रियो सेन के निर्देशन में 2 से 6 दिसम्बर 2022 तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 138 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इसका समापन 6 दिसम्बर को शाम 6 बजे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जनपद उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, अध्यक्षता महाप्रबंधक (माइंस व रावघाट) एस पी मण्डावी ने किया एवं विशेष अतिथि के रूप में असीम अमृत महाराज, रामकृष्ण मिशन नारायणपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी देहारी जी विशेष रूप से उपस्थित थे। लाइट एण्ड साउंड शो में छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक इतिहास, बस्तर के कला संस्कृति व रावघाट के प्राचीन धरोहर, लोक संस्कृति का समावेश था। स्वाधीनता के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र की देष के निर्माण में भूमिका तथा संयंत्र के लिए दल्ली राजहरा, हिर्री, नंदिनी, महामाया और नये अभियान का सुत्रधार रावघाट खदान की भूमिका को प्रदर्शित किया गया। संयोजन महाप्रबंधक (रावघाट प्रकोष्ठ) अनुपम बिष्ट तथा सहायक महाप्रबंधक (रावघाट खदान) सचिन रंगारी, समन्वयक (रावघाट खदान) उमेष लाटिया तथा अजय यदु, प्रदीप कोठारी ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर समस्त प्रतिभागी बच्चों और शिक्षकों को उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाप्रबंधक एस पी मण्डावी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिंजली के प्राचार्य देवांगन को म्युजिक सिस्टम एवं साउंड बॉक्स भेंट किया गया।

# आम जनता से किए वादे पूरे कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: सीएम

## पिरदा भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से लिया योजनाओं पर फीडबैक

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज भेंट-मुलाकात के तहत विधानसभा बसना के ग्राम पिरदा पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा कर राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार योजनाएं बनाती है। मैदानी स्तर पर इन योजनाओं का लोगों को कितना लाभ मिल रहा है यह देखने मैं आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 दिसम्बर को राज्य सरकार चार साल पूरे कर रही है। हमने आम जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा कर रहे हैं। सबसे पहले किसानों की ऋण माफी की। समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी सहित किसानों को धान का 2500



रुपए दे रहे हैं। इस तरह किसानों से किया वादा हमने पूरा किया। घरेलू बिजली बिल भी आधा किया।

भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक घोषणाएं की। उन्होंने पिरदा में महाविद्यालय के नये भवन निर्माण, ग्राम पिरदा में उप तहसील, ग्राम सांकरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसी क्रम में ग्राम पंचायत सांकरा एवं पिरदा का नगर पंचायत में उन्नयन, नगर पंचायत बसना में गौरव पथ के निर्माण, सांकरा परसावानी मार्ग से रिखा दादर तक सड़क निर्माण, कुडेकेल नाला में नवीन पुल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की।मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात में कहा कि हमारा लक्ष्य लोगों की आय में वृद्धि करना है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जो उद्योग लगाना चाहते हैं, उनके लिए दो करोड़ की लागत से गौठान में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बना रहे हैं। तेलघानी, ईंट बनाने आदि जैसे उद्यमों के लिए उद्यमियों को जगह उपलब्ध करा है, उन्हें बिजली भी आधी दर पर दे रहे हैं। इससे ना सिर्फ उद्यमी को स्व रोजगार मिलेगा बल्कि वह अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है, इस योजना में 20 लाख रुपए तक की सहायता दे रहे हैं। हाट बाजार क्लिनिक में मुफ्त में इलाज हो रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल हमने खोले हैं ताकि गरीब वर्ग के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# बाइक रैली के दौरान जाम में फसी एम्बुलेंस को छात्र नेता विशाल कुकरेजा ने दिखाया रास्ता



**रायपुर 14 दिसंबर।** एनएसयुआई द्वारा रविवार को एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया था , रैली के दौरान एम्बुलेंस जाम में फ़स चुकी थी। जैसे ही इस बात का जानकारी एनएसयुआई के प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा हुई तुरंत अपनी बाइक से उतरकर पूरी बाइक रैली को किनारे करवाकर एम्बुलेंस को रास्ता दिखाया। इस नज़ारे को देख उस समय मौजूद लोगो ने विशाल कुकरेज़ा की सराहना की। विशाल कुकरेजा ने बातचीत के दौरान बताया की किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के चलते आपातक़ालीन सेवाओ में परेशानी नहीं आनी चाहिए, मुझे जैसे ही जानकारी हुई कि हमारी रैली के पीछे एक एम्बुलेंस फसी हुई है ।मैंने तुरंत अपने सभी साथियों को सड़क के किनारे करवाकर एम्बुलेंस के लिए रास्ता ख़ाली करवाया।

## एक नजर

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस रोज कार्रवाई कर रही

**राजनांदगांव 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में डीएसपी यातायात दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व में यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा अभियान चलाकर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के मालिकों पर चलानी कार्यवाही की गई। जिसके तहत पोस्ट ऑफिस चौक से सर्विस रोड होते हुए गुरुद्वारा चौक, गुरूद्वारा चौक, से फव्वारा चौक फव्वारा चौक से मानव मंदिर चौक, मानव मंदिर से भारत माता चौक, भारत माता चौक से गंज लाईन और भारत माता चौक से कामठी लाईन तक कुल 45 दोपहिया एवं चारपहिया वाहन मालिकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहें।

### बेलरगांव में एकदिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह आयोजित



**नगरी 14 दिसंबर।** ग्रामीण साहू समाज एवं कबीर सत्संग परिवार बेलरगांव द्वारा एक दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन ग्रामीण साहू सदन में किया गया, आयोजक चमरू राम साहू बंसी लाल साहू सनातन साहू पी डी कुलेश्वर दास मानिकपुरी हरी राम साहू सोहन लाल साहू एवं कबीर परिवार के द्वारा किया गया सत्संग के मुख्य प्रवचन कर्ता आदरणीय निष्ठा साहेब जी बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) से आये हुए थे। जिसमें उपस्थित सत्संगी सुभाष चंद साहू लिलंबर साहू चंन्द्रलाल साहू यतेंद्र साहू गैंदलाल साहू नरोत्तम साहू पवन कुमार साहू टिकेश्वर साहू नारद साहू आदेश्वर साहू लोमश साहू प्रदीप साहू कुमार कवल राम साहू ए एल बघेल प्रकाश चंद साहू खिलावन चंदू राज साहू वीरेंद्र यदु राज भुवन दास मानिकपुरी बलदेव राम साहू इतवारी दास मानिकपुरी राम साहू, बधन दास मनिकापुरी उमाकांत देवागन, पन्ना लाल प्रजापति यशवंत पटेल एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेन ने गरीबों को कंबल वितरण किया



**रायपुर 14 दिसंबर।** महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेन द्वारा गोलछा ट्रस्ट की ओर से सौ कंबल का आज रायपुर शहर मे ठंड से ठिठुरते हुए व्यक्तियों को वितरित किया गया। जिसमें गोलछा ट्रस्ट की ओर से वीर प्रकाश गोलछा यस गोलछा। महावीर इंटरनेशनल रायपुर मैन के जोन चेयरमैन डॉक्टर निरंजन हरितवाल इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर रमेश भाई कोठारी वीर मदन तालेड़ा । वीर मनोज बोथरा सचिव एवं वीर पीयूष डागा कोषाध्यक्ष वीर महावीर कोचर आदि सदस्य उपस्थित थे।

### स्मार्ट प्लाईवुड बाइंग गाइड इंटीरियर की योजना बना रहे लोगों के लिए एक आवश्यक रिफरेन्स बुक है

**रायपुर 14 दिसंबर।** अखिलेश चितलांगिया द्वारा लिखित पुस्तक स्मार्ट प्लाईवुड बाइंग गाइड



अपने घर या ऑफिस के लिए इंटीरियर्स की योजना बना रहे लोगों को अवश्य पढ़ना चाहिए। चूँकि, प्लाईवुड घर के इंटीरियर्स का अन्तर्भाग है और इनका जीवन काल तय करता है, श्री चितलांगिया भारतीयों को प्लाईवुड खरीदने के लिए शोध करने में अधिक समय लेने की सलाह दे रहे हैं । श्री चितलांगिया कहते हैं, ÷आप अपने घर या ऑफिस के इंटीरियर्स के साथ, अपने परिवार के सदस्यों से भी अधिक समय बिताते हैं। इसलिए, कृपया प्लाईवुड को और अधिक गहनता से जानें। बोस्टन यूनिवर्सिटी, यूएसए से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद, श्री अखिलेश चितलांगिया विरासत में मिले अपने पारिवारिक व्यवसाय में शामिल हो गए। उन्हें यह जानकार बहुत आश्चर्य हुआ कि जो ग्राहक घर खरीदने में करोड़ों रुपयों और उसके इंटीरियर्स में लाखों रुपयों का निवेश करते हैं, वे सही प्लाईवुड के चुनाव को लेकर थोड़ा भी समय नहीं देते हैं। श्री चितलांगिया की सलाह है, ÷एक ब्रांडेड प्लाईवुड की वृद्धिशील लागत, आपकी इंटीरियर लागत की सिर्फ 1त्न है। इसलिए, यह एक आर्थिक समझदारी है कि सही प्लाईवुड खरीदने में थोड़ा समय दें।

### एलएसी पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सही जानकारी के लिए भेजे केन्द्र- रिजवी

**रायपुर 14 दिसंबर।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने संसद पर हुए हमले की 21वीं वर्षगांठ पर शहीदों के प्रति खिराजे अकीदत पेश करते हुए उन्हें नमन करते हुए स्मरण किया है तथा शहीद जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। रिजवी ने इस अवसर पर नौ दिसम्बर को चीन द्वारा हमारे जवानों के साथ की गई झड़प एवं हाथापाई को चीन की घिनौनी हरकत निरूपित किया है। चीन द्वारा ऐसी हरकतों में इजाफा ही होता जा रहा है, जिसे भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा तथा हमारी जांबाज सेना उनकी ईट का जवाब पत्थर से देना जानती हैं। चीन हमारे धैर्य को कमजोरी समझने की भूल न करे।

# आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ अभियान चलाएगा ओबीसी समाज

**नगरी 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण को राज्यपाल के द्वारा बढ़ाए जाने पर ओबीसी वर्ग के लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा है कि संवैधानिक पद पर उपकृत राज्यपाल के द्वारा भेदभाव की राजनीति नहीं करें, इस फैसले का ओबीसी संगठन के द्वारा कड़ा विरोध किया जाएगा, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सभापति एवं अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के उपाध्यक्ष आलोक सिन्हा ने यह बात कही है उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी ओबीसी आदिवासी हरिजन संवर्ग को आपस में बांटने और लड़ाने जैसी घटिया राजनीति न करें जिसका आने वाले दिनों में इसका भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं भारत देश के संविधान की धारा 340 - 341-342 के प्रावधानों के अलावा ओबीसी को जनसंख्या के आधार पर आदिवासी. हरिजन को संख्या के अनुसार आरक्षण. देने सभी प्रदेश देश के शासक को पूर्ण अधिकार. होते हुए भी केन्द्र और राज्य सरकारें कोर्ट को रोड़ा बनाकर देश के मूलनिवासी बहुसंख्यक ओबीसी एस टी एस,सी. को गुमराह कर आपस मे उलझाकर लडाने का भरसक



प्रयास किया जा रहा है आरक्षण में बाधाएं डाल रही है.जिसका खामियाजा आगामी विधानसभा और लोकसभा सहित अन्य चुनावों मे दोनों दलों को भुगतना पड सकता है भाजपा राज्यपाल के आड़ मे दोहरी राजनीति खेलते दिखाई दे रही है प्रदेश के बहुसंख्यक आदिवासी. ओबीसी को आपस मे लडाना चाहती है। छत्तीसगढ़ का छत्तीसगढ़िया मूलनिवासी अब दोनों ही डकैत पार्टीयों से सतर्क है। ओबीसी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक सिन्हा ने.छत्तीसगढ़ मे राज्य पाल को नौवीं अनूसूची का अनुमोदन करना चाहिए नाकि भाजपा के ईशारा पर राजनीति अगर राजयपाल महोदया छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों का हित चाहती होगी तो आरक्षण बिल को सहजता पूर्वक अनुमोदन कर लागू करने राजपत्र मे शामिल करने सहयोग करें वरना उन्हें भी एस टी एसी एवं ओबीसी समाज के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

# भारत जोड़ो यात्रा लोगों में उम्मीद की नई किरण जगा रही:कुलबीर

**राजनांदगांव 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नफरत की दिवार को तोड़ो भारत जोड़ो के नारों के साथ शहर के दक्षिण ब्लॉक के नंदई वार्ड से 13 दिसंबर को



भारत जोड़ो यात्रा राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों व वार्डवासियों द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकली जिसका वार्ड 40 व 48 में महिला समूहों का सम्मान करते हुए धार्मिक स्थलों में श्रीफल चढ़ाते हुए नंदई चैक में यात्रा का समापन हुआ। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम के आदेशानुसार एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत दक्षिण ब्लॉक के नंदई सतनाम धाम में गुरू घासीदास जी की पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ हुई जो नंदई कुंआ चौक के पास स्थित शंकर मंदिर में श्रीफल चढ़ाकर चैखडिया पारा पहुंची जहां पर हनुमान मंदिर, मां काली, मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा आगे बढ़ी जो जय बजरंग बली अखाड़ा व्यायाम शाला पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रीफल चढ़ाया तत्पश्चात यात्रा आदिवासी भवन में जय बूढ़ी माई महिला समूह व जय बूढ़ादेव महिला स्व सहायता समूह की महिला अध्यक्ष प्रमिला मंडावी, किरण व मितानिन अहिल्या सोनकर, सहित वृद्ध महिला शबाना ठाकुर का शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

# क्रिसमस मीट में मिले पास्टर्स के परिवार

**रायपुर 14 दिसंबर।** राजधानी में कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप ने



फ़ैमिली गेट टू गेदर का कार्यक्रम दि चर्च ऑफ़ गॉड राजातालाब में किया। फैलोशिप के अध्यक्ष पास्टर मार्क रॉड्रिक ने प्रार्थना के द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय प्रवचनकर्ता पास्टर विजय दास दुर्ग थे। उन्होंने पवित्र शास्त्र बाइबिल से बहुत ही प्रभावशाली और सारगर्भित संदेश दिया कि - शुरुवात कैसी है यह महत्वपूर्ण नहीं है, अपितु समापन कैसा है यह महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढॉ डायसिस के प्रवक्ता, स्टीवर्टशिप कमेटी के सचिव व सेंट पॉल्स कैथेड्रल पास्ट्रेट कमेटी के मेंबर जॉन राजेश पॉल विशेष अतिथि थे। पॉल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने साल में कम से एक बार सभी चर्चों की सामूहिक गैदरिंग करने व राजधानी में एक अस्पताल की स्थापना की योजना पर काम करने अनुरोध किया। कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप के सचिव पास्टर डॉ शिमोन पतरस द्वारा कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप की स्थापना, उपलब्धि, कार्यप्रणाली और अब तक के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्तुति आराधना, प्रवचन, के पश्चात् उपाध्यक्ष पास्टर डॉ पी अनिल कुमार द्वारा प्रत्येक परिवार का परिचय कराया गया। वरिष्ठ पास्टर थॉमस माम्मेन की प्रार्थना से कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी पास्टर्स को मुख्य अतिथि के हाथों से क्रिसमस गिफ्ट वितरित किए गए। बच्चों के लिए विशेष गिफ्ट का प्रावधान था। सभी के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पास्टर्स और उनके परिवार के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में पास्टर मार्क रॉड्रिक्स, पास्टर डॉ पी अनिल कुमार, पास्टर डॉ शिमोन पतरस, पास्टर केदार मित्तल, पास्टर थॉमस माम्मेन, पास्टर जेडब्लू दास, पास्टर रामनाथ सागरिया, पास्टर अतुल पीटर, पास्टर सुजीत जेम्स, पास्टर अनूप फिल्लिप, पास्टर किशोर सेनापति, पास्टर नबा किशोर, पास्टर मनोज नायक, पास्टर मार्था मालवीय आदि भी मौजूद थे।

### कैट ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया

**रायपुर 14 दिसंबर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट)



के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीडि़या प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा मेकाहारा स्थित कैंसर अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर समय- समय पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती रहती है। जिससे की जरूरतमंदो को इसका लाभ मिल सके। इसी कड़ी में आज कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा मेकाहारा स्थित कैंसर अस्पताल में जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। उन्होंनें कहा कि राजधानी में ठंड में बढ़ रही जिसे ध्यान में रखते हुए कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा कम्बल वितरण किया गया। कैट सी.जी. चैप्टर आगे भी यह कार्य जारी रखेगा और अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती रहेगी। कम्बल वितरण में कैट के पदाधिकारी मुख्यरूप से उपस्थित रहे। अमर पारवानी, परमानन्द जैन, भरत जैन, महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, अवनीत सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण आदि।

### शहर के भिन्न 18 स्थानों पर स्मार्ट टायलेट शीघ्र बनाने की तैयारी

**रायपुर 14 दिसंबर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर ने रायपुर नगर पालिक निगम के इंदिरा गाँधी वार्ड के तहत गंज मण्डी क्षेत्र में पहुंचकर रायपुर उत्तर विधायक और छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह जुनेजा, इंदिरा गाँधी वार्ड के पार्षद एवं निगम एमआईसी सदस्य श्री सुरेश चन्नावार, वार्ड के गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की उपस्थिति में स्मार्ट टायलेट की सुविधा शीघ्र नागरिकों को दिलवाने श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर कार्य का भूमिपूजन किया. महापौर श्री एजाज ढेबर ने सम्बंधित एजेंसी ग्रेसफुल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को स्मार्ट टायलेट का कार्य शीघ्र गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाने कहा एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग के उपअभियन्ता श्री विकास साहू को स्मार्ट टायलेट के कार्य की गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. योजना के तहत रायपुर शहर के विभिन्न 18 स्थानों पर स्मार्ट टायलेट बनाया जाना प्रस्तावित है. इसमें तीन स्थानों पर स्मार्ट टायलेट का लोकार्पण हो चुका है. जबकि अन्य 2 स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है. इसके अतिरिक्त 4 अन्य स्थानों पर स्मार्ट टायलेट का विकास कार्य तेजी के साथ पूर्णता की अग्रसर है. इसमें एजेंसी ग्रेसफुल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न 18 स्थानों पर स्थल तय होने पर वहाँ निःशुल्क जनउपयोग हेतु स्मार्ट टायलेट का विकास किया जायेगा. जिसमें आम जनों को एसी, टीवी आदि जनसुविधा का निःशुल्क उपयोग करने की व्यवस्था दी जायेगी, एजेंसी द्वारा 10 वर्षो तक स्मार्ट टायलेट का संधारण किया जायेगा।

### बलवीर सिंह जुनेजा की जयन्ती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर 14 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की जयन्ती दिनांक 14 दिसम्बर 2022 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे राजधानी शहर रायपुर में नगर पालिक निगम रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है. उक्त जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता श्री हेमंत शर्मा ने देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर के पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की जयन्ती दिनांक 14 दिसम्बर 2022 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे नगर पालिक निगम रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम हेतु आवश्यक साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियाँ आदि सहित अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर श्री विनय मिश्रा को निर्देशित किया गया है।

# महापौर ने शहर में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 दिसम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सड़कों व गलियों में पैदल भ्रमण कर सफाई के संबंध में नागरिकों से चर्चा की तथा प्र. स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को सफाई में और सुधार लाकर निर्धारित समय तक सफाई कराने कचरा उठाने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख आज प्रातः स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार के साथ शहर के मध्य क्षेत्रों दिग्विजय कालेज के पास, सोनार पारा, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बालबोविन्द चौक, बसंतपुर थाना, सदर लाईन, ओसवाल लाईन, आजाद चौक, मानव मदिर चौक तक पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ली और लोगों से सफाई के संबंध में रूबरू हो सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से गलियो व सडकों की नियमित सफाई कर कचरा उठवाने निर्देशित किये उन्होंने कहा कि प्रतिदिन वार्डो में निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करे, अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करे।

महापौर श्रीमती देशमुख भ्रमण के दौरान सभी क्षेत्रों के रूबरू हो सफाई के संबंध में जानकारी लिये। चर्चा के दौरान सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश श्री राजेश मिश्रा को दिये। बालगोविन्द चौक में नाली जाम की शिकायत पर तुरन्त नाली सफाई कराये, रानी सागर विसर्जन कुण्ड से निकला कचरा जे.सी.बी. से उठवाया गया, इसी प्रकार नाली नाला से निकले कचरा तुरन्त उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने किला पारा में आदित्य प्रेस के सामने गड्ढे में पेचवर्क करने के निर्देश दिये। इसके अलावा गंज पारा स्कूल के सामने नल के लिये खोदे गये गड्ढे को मरम्मत करने निर्देशित किये।

महापौर श्रीमती देशमुख निरीक्षण के दौरान शीतला मंदिर सौदर्यीकरण की मांग पर आजाद चौक में पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया एवं मिडिया के साथियों के साथ चर्चा कर मंदिर के पास निर्मित भगवान शंकर की प्रतिमा के आस पास सौदर्यीकरण के लिये रूप रेखा तैयार किये एवं इसके लिये प्राक्कलन तैयार कर कार्यवाही करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये।

# पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन 19 दिसंबर को

**नगरी 14 दिसंबर।** छ.ग.पेंशनर तहसील इकाई नगरी का वार्षिक अधिवेशन पेंशनर भवन नगरी में 19 दिसंबर को 11 बजे से आयोजित किया गया है जो कि प्रतिवर्ष इसे मनाते आ रहे हैं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी को क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव विधायक सिहावा सुशोभित करेंगे जिसकी अध्यक्षता श्री ए एल बनपेला अध्यक्ष पेंशनर्स समाज नगरी करेंगे। इस वार्षिक अधिवेशन में विशेष अतिथि के आसंदी पर होंगे श्रीमती दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, श्रीमती आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, श्री जियाउद्दीन रिजवी पार्षद वार्ड क्र.6 नगर पंचायत नगरी, चेतन भारती प्रांताध्यक्ष छ.ग. पेंशनर्स समाज रायपुर एवं श्री ऋषिराम कंचन वरिष्ठ पेंशनर नगरी उपस्थित रहेंगे, यह कार्यक्रम छ.ग. पेंशनर समाज के तहसील इकाई की एक शान है। जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों का स्वागत एवं विशेष सम्मान किया जाता है, इस अधिवेशन में संगठन के आय- व्यय का प्रस्तुतीकरण, सभी अतिथियों का सम्बोधन, पेंशनर हित में चिंतन एवं सुझाव, संगठन की मजबूती पर चर्चा - परिचर्चा, पेंशनरों की समस्याओ के निराकरण का उपाय आदि विषयों पर संगोष्ठी होगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी छ.ग.पेंशनर्स समाज के तहसील इकाई नगरी के सचिव बृजलाल सार्वा ने प्रेषित की है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की हो रही दुर्घटना का एनएसयूआई ने अनोखे तरीके से विरोध किया

**रायपुर 14 दिसंबर।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के बेतहाशा महंगा किराया ,रेलवे का निजीकरण व पिछले 11 महीनो से सैकड़ों ट्रेनें रद्द,वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के हो रहे दुर्घटना का एनएसयूआई ने अनोखा तरीके से विरोध दर्ज किया है। एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में मंगलवार को राजधानी के रेलवे स्टेशन में सैकड़ों साथियों के साथ पटरी में उतरे और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के बेतहाशा महंगा किराया ,रेलवे का निजीकरण व पिछले 11 महीनो से सैकड़ों ट्रेनें रद्द,वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के हो रहे दुर्घटना का जमकर विरोध करते हुए रेलवे चालक के सुरक्षा के लिए चालक को हेलमेट और मेडिकल किट दिया । हेमंत पाल ने कहा लगातार 11 महीनो से सैकड़ों ट्रेन रद्द होती आ रही है जिससे आम जन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोग ट्रेन रद्द होने से रेलवे स्टेशन में सोने के लिए मजबूर है । ऐसे में मोदी





सरकार वंदे भारत ट्रेन की शुरुवात कर आम लोगों को और परेशानी में डाल रही है वंदे भारत आम लोगो के लिए नहीं बल्कि खास लोगों के लिए बनाई गई है , हमें इस ट्रेन से कोई आपत्ति नहीं बल्कि व्यवस्था से आपत्ति है। देश में रेलवे निजीकरण हो रहा है जिससे ये संस्?थान मनमानी किराया वसूल रहे हैं आगे कहा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के हो रहे दुर्घटना का मोदी सरकार तो जिमेदारी नही लेगा इसीलिए रेलवे चालक के सुरक्षा के लिए चालक को हेलमेट और मेडिकल किट देते हुए विरोध प्रदर्शन किया ।एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय रेल मंत्री एवं रेल अधिकारियों से आग्रह किया कि वंदे भारत ट्रेन का ऐसा किराया तय हो जिससे आम जनता भी आसानी से सफर कर सके। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव निखिल बंजारी , विकाश राजपूताना , मोनू तिवारी , हरिओम तिवारी ,विशाल कुकरेजा , कुनाल दुबे,विधानसभा अध्यक्ष अनुज शुक्ला, अजय बंजारे , अंकित शर्मा , पुनेश्वर लहरे , गावेश साहू , धनजय कोसले , रजत ठाकुर , शुभम शर्मा , सकड़ो साथी मौजूद थे।

## मलमा मडप में 4 दुकानदारों से वसूले 16 सौ रुपये एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक रखने पर 5 किराना दुकानों से वसूले 13 सौ रुपये

# मोतीपुर क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मडप के तहत हुई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 दिसम्बर।** मलमा मडप के तहत एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने नगर निगम सख्ती बरत रही है, अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। साथ ही सडक पर मलमा रखने पर संबंधित के विरूद्ध अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज मोतीपुर क्षेत्र में मलमा मडप के तहत कार्यवाही करते हुये 4 दुकानदारों से 1 हजार 6 सौ रूपये जुर्माना किये, इसी ,प्रकार प्रतिबंधित प्लास्टिक के तहत 5 किरना दुकानों से 1 हजार 3 सौ रूपये जुर्माना किया गया। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। इसी



प्रकार शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने मलमा मडप के तहत भी कार्यवाही की जा रही है।

निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला भी शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज मोतीपुर क्षेत्र के किराना दुकानों में प्रतिबंधित पालीथीन रखने पर पवन किराना स्टोर्स, गोपाल किराना स्टोर्स, व कन्हैया डेली निड्स से 3-3 सौ रूपये तथा सौरभ किराना स्टोर्स व देवांगन किरान स्टोर्स से 2-2 सौ रूपये इस प्रकार कुल 1 हजार 3 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार मलमा मडप के तहत मोतीपुर के ही 4 लोगों द्वारा सडक पर बिल्डिंग मटेरियल रखने पर एवन देवांगन व भरत वर्मा से 5-5 सौ रूपये एवं बी.टी. वाल्दे व अरूण कुमार से 3-3 सौ रूपये कुल 1 हजार 6 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे तथा सडक पर मलमा या बिल्डिंग मटेरियल न रखे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

### संपादकीय

## सेना का मनोबल ऊंचा रहना चाहिए

किसी देश की सुरक्षा मजबूत तब रहती है जब उसकी सेना का मनोबल ऊंचा होता है। सेना का मनोबल तब ऊंचा रहता है जब उसके पास हर अत्याधुनिक सुविधा व हथियार होते हैं, देश का राजनीतिक नेतृत्व मजबूत होता है। देश के राजनीतिक नेतृत्व की विश्व में मजबूत नेता की छबि होती है। सेना को विश्वास होता है कि राजनीतिक नेतृत्व देशहित में कड़े फैसले ले सकता है। सेना के गौरव बनाए रखने को हर संभव प्रयास करता है। इस समय सेना जितनी मजबूत है, उससे ज्यादा राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। यह मजबूत राजनीतिक नेतृत्व का परिणाम है कि सेना सीमा पर दुश्मनों को मुंहतोड़ जबाव दे रही है। दुश्मन की सेना को हर बार सबक सिखा रही है। यह संदेश देने में कामयाब है कि यह पुराना भारत नहीं है, यह नया भारत है, किसी से डरने वाला भारत नहीं है, यह भारत आंख में आंख में डालकर बात कर सकता है और सीमा पर गलत हरकत करने पर दुश्मन को सबक सिखा सकता है। ऐसा सबक सिखाता है कि दुश्मने सेना बरसों उसे याद करती है तथा जब भी वह भूलती है तो उसे फिर वैसा ही सबक सिखाता है। गलवान में पहली बार चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों को डराने व पीछे हटने के लिए मजबूर करने की कोशिश की थी, उसे उसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। भारतीयन सेना के वीर जवानों ने चीनी सैनिकों की गर्दन तोड़कर बता दिया था कि हमें बेहतर जवाब देना आता है। गलवान के बाद अब अरुणाचल के त्वांग सेक्टर में 300 चीनी सैनिक चौकी कब्जाने के इरादे से आए थे। यहां भारतीय सेना से उसका आमना सामना हो गया। इस क्षेत्र में दोनों सेनाएं बिना हथियार लेकर गश्त नहं करती है, इसलिए चीनी व भारतीय सेना के पास जो कुछ भी था, उससे दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर वार किया। इस बार भी भारतीय सेना चीनी सेना पर भारी पड़ी। इस हमले में जहां दस से पंद्रह सैनिक मामली घायल हुए हैं, वहीं घायल चीनी सैनिकों का संख्या 50-60 बताई गई है। अरुणाचल के इस इलाके में एलएसी पूरी तरह परिभाषित नहीं है, इस बात का फायदा उठाकर चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र पर तारबंदी कर कब्जा करना चाहते है। पिछले साल अक्टूबर में भी चीनी सेना ने ऐसा किया था तब भारतीय सेना ने उसे पकड़ लिया था तथा बैठक के बाद छोड़ा था। दोनों सेना के बीच झड़प के बाद दोनों पक्षो की मीटिंग के बाद दोनों पक्षों की सेनाएं पीछे हट गई हैं। हमारी सेना के प्रवक्ता के मुताबिक चीनी सेना ने ऐसा करके 2006 को समझौते का उल्लंघन किया है, इससे साफ है कि चीनी सेना ने गलती की है तथा भारतीय सेना ने उसे अच्छा सबक सिखा दिया है। गलवान की तरह त्वांग सेक्टर का यह सबक चीनी सेना लंबे समय तक याद रखेगी। देश के पुराने राजनीतिक नेतृत्व की कमजोरी के कारण चीन की आदत हो गई थी भारतीय जमीन पर कब्जा करने की। वह सोचता था वह हमेशा ऐसा करता था लेकनि अब देश में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है, सीमा पर चीन के हर चाल का जनाब देने से लिए मजबूत सेना है। सेना को खूली छूट है कि चीनी सेना अगर भारत की सीमा में घुसती है तो हाथ पैर से ही ऐसा सबक सिखा दिया जाए कि वह दुबारा भारत की सीमा में घुसने से डरे।

### आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन आपके लिये सफलता दायक रहेगा। नौकरी अथवा व्यवसाय में आशा के अनुकूल कार्य होने से अन्य लोगों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। धन लाभ भी अवश्य होता रहेगा जिससे भविष्य की योजनाएं बलवती होंगी। उधार दिए धन/सामान की वसूली आज ना करें। आत्मनिर्भर की भावना रहने से सफलता थोड़े विलम्ब से परन्तु अवश्य मिलेगी। पारिवारिक कारणों से यात्रा करनी पड़ सकती है। रिस्तेदारों या मित्रों से मिलन सम्भव है। टेलीफोन आदि से बात होंगी। घरेलु खर्च आज दिल खोल कर करेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ा क्रोध रह सकता है फिर भी दैनिक कार्यो में इसका असर नहीं पड़ेगा। आज आप यथार्थ पर कम अमल करेंगे काल्पनिक बाते ज्यादा प्रभावित करेंगी। कार्य क्षेत्र पर मेहनत के अनुसार लाभ होगा। आलस्य के कारण आयवश्यक कार्य में देरी हो सकती है। धन सम्बंधित लेन देन अथवा महत्त्वपूर्ण निर्णय आज ना ही लें। धार्मिक कार्यो में रूचि रहेगी। धर्म क्षेत्र पर निस्वार्थ सेवा देंगे।

मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

स्वास्थ्य सम्बंधित विषयों को छोड़ आज का दिन सामान्य रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिल रहने के कारण कार्य व्यवसाय में मन कम ही लगेगा फिर भी मध्यान के आस-पास आकस्मिक धन आगम होने से ख़ुशी मिलेगी। आँख-माश्पेशी अथवा जोड़ो में दर्द सम्बंधित समस्या रहेगी। किसी सम्मलेन में भाग लेने के कारण दुविधा में रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर ऊर्जावान रहोगे। कार्य विस्तार अथवा नविन कार्यो की रूप रेखा बना सकते है परन्तु शुरुआत आज ना करें। पारिवारिक वातावरण आपके व्यवहार पर केंद्रित रहेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए उत्तम रहेगा फिर भी उधारी के व्यवहार यथा संभव ना ही करे अन्यथा धन निश्चित रूप से फंसेगा। नौकरी पेशा जातक भी बेहतर कार्य के लिए सम्मानित होंगे। अधिकारी वर्ग आप पर अधिक भरोसा दिखाएंगे। व्यवसायी वर्ग कार्य क्षेत्र पर खुल कर निर्णय ले सकेंगे। नए कार्य की योजना फिलहाल टालना ही बेहतर रहेगा। धार्मिक यात्रा के प्रसंग बन सकते है। धर्म-कर्म पर खर्च भी करेंगे। परिजनों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज परिस्थितियां बदलने से दिनचर्या में भाग-दौड़ लगी रहेगी। पूर्वनियोजित कार्यक्रमो में भी बदलाव करना पड़ सकता है। अधिक क्रोध एवं व्यवहार का तीखापन बनते कार्य बिगाड़ सकता है सतर्क रहें। उधार लिया धन अथवा अन्य वस्तुओं को लौटाने का प्रयास करें। धन सम्बंधित कोई भी आयोजन करने से पहले बड़ो की सलाह अवश्य लें अन्यथा आज ना ही करें। स्त्री-सन्तानो का सहयोग करें व विवेक से कार्य करें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज के दिन आपके मस्तिष्क में विचारों की भरमार रहेगी स्वभाव में भी पल पल में परिवर्तन आएगा जिस कारण अन्य व्यक्ति आपके बारे में गलत धारणा रख सकते है। प्रतिस्पर्धी से सावधान रहें । कार्यो में विलम्ब एवं असफलता के कारण मनोबल टूट सकता है। आज किसी की ऊपर अधिक दयालुता दिखाना भी हानि करा सकता है। कार्य क्षेत्र पर आकस्मिक खर्च होने से पारिवारिक बजट प्रभावित होगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रातः काल के समय किसी प्रियजन से विवाद होने के कारण दिन भर की क्रियाएं अस्त-व्यस्त रह सकती हैं। मानसिक रूप से भी अशान्त रहेंगे। मन की दुविधा कार्यो में बाधा डालेगी। अधिक परिश्रम करने पर भी न्यून लाभ होगा। आवेश की मात्रा भी अधिक रहेगी फलस्वरूप लोग दूरी बना कर रखेंगे। व्यवहार सिमित रखें। ना चाह कर भी खर्च करना पड़ेगा। आर्थिक कमी रहेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज का दिन बीते कुछ समय से बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल बने रहने से कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे। प्रातः काल से ही अधूरे पड़े कार्यो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे। आर्थिक रूप से भी आज का दिन सहायक रहेगा। आशा से अधिक लाभ होने की सम्भवना है परन्तु इसमें व्यवधान भी अधिक आएंगे। बनी बनायी कार्य योजनाओं को किसी के हस्तक्षेप के कारण बदलने से हानि एवं परेशानी होगी फिर भी धन की आमद होने से कार्य सुव्यवस्थित रूप से चलने लगेंगे।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज के दिन आप धैर्य धारण करेंगे। संतोषी वृति रहने के कारण भाग-दौड़ से दूर रहेंगे। आपके विचार उच्च कोटि के रहेंगे परन्तु स्वयं के ऊपर इन्हें लागू करने में असमर्थ होंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके सामने सभी प्रशंसा करेंगे परन्तु पीछे से आलोचना होगी। मित्र परिजन भी स्वार्थ सिद्धि की भावना रखेंगे। कार्यो में हानि की सम्भवना जानते हुए भी व्यवहारिक कारणों से अनदेखा करेंगे। दोपहर के समय आकस्मिक लाभ होने से खर्च चलते रहेंगे। परिजनों की बात आपको अखरेगी परन्तु सही समय की प्रतीक्षा में शांत रहेंगे।

मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)

आपका आज का दिन भी शुभफलदायक रहेगा। सेहत उत्तम बनी रहेगी। कार्यो को पूर्ण निष्ठा से करेंगे थोडी बहुत लापरवाही भी कर सकते है फिर भी लाभ के अवसर हाथ से नहीं निकलने देंगे। जानने वालों से किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का मार्गदर्शन मिलेगा। आज व्यवसाय आशानुकूल रहेगा परन्तु उधार के व्यवहार अधिक रहने से धन की आमद कम ही रहेगी। कार्य से समय निकाल बाहर मनोरंजन के अवसर तलाशेंगे। अनैतिक कार्यो अथवा व्यसनों से दूर रहें सामाजिक क्षेत्र पर बदनामी हो सकती है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज के दिन आपके साथ किसी अन्य के भरोसे रहने के कारण धोखा हो सकता है। आवश्यक कार्यो में लापरवाही न करें। घर एवं बाहर का वातावरण सामान्य रहेगा। जिनसे काम निकालना होगा वही लोग रूखा व्यवहार करेंगे। आपकी प्रतिभा नजरअंदाज होने से मन में नकारात्मकता बढ़ेगी। कला के क्षेत्र से जुड़े जातक नए सृजन करेंगे। पारिवारिक जरूरतों की पूर्ति करने में देरी हो सकती है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-रोजगार के लिए उत्तम समय है। घर एवं कार्य क्षेत्र के अंदरूनी मामलो को लेकर दुविधा में फंस सकते है। भागीदारी अथवा कमीशन के कार्यो में अचानक रूकावट आने से धन लाभ कम होगा। कार्य के सिलसिले से यात्रा भी करनी पड़ सकती है। संतोषी वृति रखने से भविष्य में लाभ कमा सकते है। पारिवारिक वातावरण सामान्य रहेगा। आराम अवश्य करें।

# 'वंशवाद की राजनीति 'पर विरोधाभास क्यों

### राजनीति

**निर्मल रानी**



देश में किसी भी राजनैतिक दल का कोई भी नेता वंशवाद या परिवारवाद को लेकर सार्वजनिक चर्चा करे या न करे परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विषय पर प्रायः मुखरित होकर बोलते रहते हैं। पहले तो उनके द्वारा चिन्हित 'परिवारवाद ' का अर्थ नेहरू गांधी परिवार ही हुआ करता था परन्तु जैसे जैसे अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दलों ने यह महसूस करना शुरू किया कि उनकी व उनके दल की अपनी क्षेत्रीय राजनीतिक अस्मिता यहाँ तक कि उसकी पहचान तक के लिये भाजपा बड़ा ख़तरा हो सकती है और उन्होंने भाजपा के साथ चलने के बजाये 'आत्म निर्भर ' होना शुरू किया तब ही से उन क्षेत्रीय राजनैतिक दलों को भी परिवारवादी व वंशवादी कहकर संबोधित किया जाने लगा। परन्तु सवाल यह है कि देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेकानेक बार राजनीति में परिवारवादी व वंशवादी व्यवस्था पर प्रहार करते रहते हों तो निश्चित रूप से इस विषय पर चिंतन-मंथन किया जाना ज़रूरी है कि वास्तव में प्रधानमंत्री का वंशवाद विरोधी 'विलाप' कितना सही है ? और यह भी कि क्या उनका वंशवाद विरोध वास्तविक है या इसमें भी कोई विरोधाभास नज़र आता है।

पिछले दिनों गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधान सभा और दिल्ली नगर निगम सहित देश के कई राज्यों में लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव संपन्न हुये। इनमें केवल गुजरात विधानसभा में रिकार्ड जीत हासिल करने व रामपुर विधान सभा के अतिरिक्त लगभग सभी चुनाव-उपचुनाव भाजपा हार गयी। हिमाचल प्रदेश में जहां भाजपा से कांग्रेस ने सत्ता छीन ली वहीं दिल्ली नगर निगम जहां लगभग 15 वर्षों से भाजपा सत्ता में थी,उसे आम आदमी पार्टी के हाथों बुरी तरह पराजित होना पड़ा। परन्तु गोदी मीडिया द्वारा भाजपा की रिकार्ड गुजरात जीत को तो अपने प्रोपेगेंडा में सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया जबकि अनेक जगहों पर भाजपा की हार पर रौशनी डालना भी मुनासिब नहीं समझा गया। और इसी गुजरात की जीत को जहां राजनैतिक विश्लेषक राज्य की धरातलीय राजनैतिक स्थिति के लिहाज़ से इसकी समीक्षा कर रहे थे वहीं प्रधानमंत्री ने इन चुनावों के परिणामों के सन्दर्भ में एक अनोखा स्टैंड लेते हुये यह फ़रमाया कि- 'बीजेपी को मिल रहा जनसमर्थन बता रहा है कि लोगों का ग़ुस्सा



परिवारवाद के प्रति बढ़ रहा है '। भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजेपी को मिल रहा समर्थन वंशवाद और बढ़ते भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लोगों के ग़ुस्से को दिखाता है।

अब सवाल यह है कि हिमाचल में भाजपा राज्य की सत्ता से बाहर हुई। उस राज्य से जहाँ के जे पी नड्डा पार्टी के सबसे बड़े यानी अध्यक्ष पद पर आसीन हैं। नड्डा ने तो दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुजरात परिणामों से उत्साहित होकर यहां तक कह दिया कि वंशवाद, परिवारवाद,अकर्मण्य नेता व ग़ैर ज़िम्मेदारना विपक्ष के कारण गुजरात में कांग्रेस की ये हालत हुई है। परन्तु उन्होंने अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी की दुर्दशा का कारण नहीं बताया। इसी तरह राज्य की राजनीति का सबसे बड़ा चेहरा हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के पुत्र और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का है। उनके कई फ़ायर ब्रांड बयानों के बाद उनके पद और क़द में वृद्धि होती रही है। तो क्या प्रधान मंत्री के कथनानुसार हिमाचल के लोगों ने भी वंशवाद के ख़िलाफ़ वोट दिया ? मैनपुरी लोकसभा सीट को भी भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। परन्तु इस उपचुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डिंपल यादव ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुये भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 288461 वोटों से हरा दिया। यह सीट तो 'घोर वंशवाद' का उदाहरण कही जा सकती है। फ़िर यहाँ के लोगों ने।'वंशवाद ' के विरुद्ध अपना 'ग़ुस्सा' क्यों नहीं दिखाया ? ऐसे कई परिणाम इन चुनावों में सामने आये जो कि प्रधानमंत्री की 'वंशवाद ' विरोधी थ्योरी को ख़ारिज करते हैं। चुनाव परिणामों के अतिरिक्त भी प्रधानमंत्री के 'वंशवाद ' का विरोध महज़ एक 'विलाप ' ही समझ आता है। क्योंकि गत दिनों हरियाणा में आदमपुर विधानसभा सीट से भाजपा ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुये नेता स्व भजन लाल के पौत्र और कुलदीप विश्नोई के पुत्र भव्य विश्नोई को उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया। उपचुनाव में मिली जीत के फ़ौरन बाद ही उन्हें विधानसभा में लेखा समिति का सदस्य बनाया गया है।और चंद दिनों पूर्व कुलदीप बिश्नोई,उनकी पत्नी रेणुका बिश्नोई और सुपुत्र विधायक भव्य विश्नोई तीनों को ही भाजपा की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया। भजन लाल परिवार के यही सदस्य जब कांग्रेस में रहकर या अपनी पार्टी बनाकर राजनीति करें तो वही 'वंशवादी राजनीति ' का प्रतीक और जब उन्हें भाजपा 'रेवड़ियां' बांटे तो यह वंशवाद के विरुद्ध जनता के ग़ुस्से का परिणाम ? आख़िर यह कैसा तर्क है ? पूरी भाजपा वंशवाद के 'कुल दीपकों ' से भरी पड़ी है। जिस तरह अमित शाह के सुपुत्र जय शाह को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया उसी तरह पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महा आर्यमन सिंधिया को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन सदस्य बनाकर उनकी भविष्य की तरक़्क़ी की बुनियाद डाली गयी। यह अपनी योग्यता के बल पर नहीं बल्कि इसलिये सत्ता द्वारा संरक्षण प्राप्त हैं क्योंकि यह सभी वंशवादी राजनीति के ही 'कुलदीपक ' हैं।

कांग्रेस पार्टी के ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे अनेक नेता जो कांग्रेस में रहकर अपनी ख़ानदानी राजनीति का चिराग़ रौशन किया करते थे वे अपनी उसी 'वंशवादी ' व परिवारवादी 'योग्यता' के आधार पर सिर्फ़ इसलिये भाजपा में ऊँचा मुक़ाम हासिल करते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री देश को 'कांग्रेस मुक्त' करने का आह्वान करते रहते हैं। इसलिये कांग्रेस के किसी भी वंशवादी से उनका कोई बैर नहीं बशर्ते कि वह कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो। फ़िर चाहे वह मेनका गांधी और उनके पुत्र वरुण गांधी ही क्यों न हों। रहा सवाल प्रधानमंत्री के अनुसार चुनाव परिणामों को वंशवाद के साथ साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता के ग़ुस्सा दर्शाने का परिणाम बताना तो यह बात भी न्यायसंगत इसलिये प्रतीत नहीं होती क्योंकि गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान ही भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सुबूत मोरबी झूला पुल हादसे के रूप में सामने आया। जनमत तो भ्रष्टाचार विरोधी तब ज़रूर माना जाता जब मोरबी और उसके आस पास की सीटें भाजपा हार जाती परन्तु आश्चर्यजनक तरीक़े से वह वहां भी सारी सीटें जीत गयी। इसलिये इन चुनाव परिणामों को वंशवाद या परिवारवाद की राजनीति पर अथवा भ्रष्टाचार पर प्रहार कहना क़तई मुनासिब नहीं है। गुजरात चुनाव नरेंद्र मोदी की उसी छवि का परिणाम है जो उन्होंने गुजरात में अर्जित की है। अब मीडिया के माध्यम से वे अपनी उस 'विशेष छवि' से छुटकारा पाने के लिये भले ही परिवार और वंशवाद की बात करते रहें परन्तु उनके यह तर्क ही अपने आप में काफ़ी विरोधाभास भी पैदा करते हैं।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की क्षमता कैसे हो साकार

### चिंतन

**डॉ सत्यवान सौरभ**

सभ्यता की शुरुआत से ही मानव अंतरिक्ष की रोमांचक कल्पनाएँ करता रहा है। इन रोमांचक कल्पनाओं में अंतरिक्ष कभी अध्यात्म का विषय बना तो कभी कविताओं और दंत-कथाओं का। पारलौकिक वाद से प्रभावित होकर कभी मानव ने अपनी कल्पना के स्वर्ग और नरक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिये तो कभी मानवतावाद के प्रभाव में आकर पृथ्वी को केंद्र में रखा और अंतरिक्ष को उसकी परिधि मान लिया। धीरे-धीरे जब सभ्यता और समझ विकसित हुई तो मानव ने अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने के लिये प्रेक्षण यंत्र बनाएं, जिनमें दूरबीनें प्रमुख थीं।

इसके बाद प्रारम्भ हुआ विज्ञान के माध्यम से अंतरिक्ष को समझने का प्रयास। इस क्रम में आर्यभट्ट से लेकर गैलीलियो, कॉपरनिकस, भास्कर एवं न्यूटन तक प्रयास होते रहे। न्यूटन के बाद आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान का विकास हुआ, जो आज इतना परिपक्व हो गया है कि हम मानव को अंतरिक्ष में भेजने के साथ अंतरिक्ष पर्यटन एवं अंतरिक्ष कॉलोनियां बसाने की भी कल्पना करने लगे हैं। 2021 तक, स्पेस टेक एनालिटिक्स के अनुसार, भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उद्योग में छठा सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसके पास दुनिया की अंतरिक्ष-तकनीक कंपनियों का 3.6त्न हिस्सा है। स्पेस-टेक इकोसिस्टम की सभी कंपनियों में यूएस की हिस्सेदारी 56.4त्न है। भारतीय अंतरिक्ष उद्योग का मूल्य 2019 में 7 बिलियन था और 2024 तक 50 बिलियन तक बढ़ने की आकांक्षा रखता है। देश की असाधारण विशेषता इसकी लागत-प्रभावशीलता है।

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने निरंतर प्रगति की है और कई मामलों में साबित कर दिखाया है कि दुनिया के किसी भी विकसित देश से वह पीछे नहीं है। अब कई देश भारत के प्रक्षेपण यान से अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने लगे हैं, इनमें ऐसे देश भी शामिल हैं जिनके पास उपग्रह प्रक्षेपण की उन्नत तकनीक है। भारत द्वारा एक-साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण इस बात का ज्वलंत उदाहरण है। इस तरह उपग्रह प्रक्षेपण कारोबार में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इसी प्रगति की एक उल्लेखनीय उपलब्धि मिशन शक्ति है।

अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ती मांग को पूरा कर सकती है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का वार्षिक बजट ?10,000 करोड़ (1.45 बिलियन) को पार कर गया है और लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, भारत में अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं की मांग इसरो द्वारा प्रदान की जा सकने वाली सेवाओं से कहीं अधिक है। इसलिए, निजी क्षेत्र का निवेश महत्वपूर्ण है, जिसके लिए एक उपयुक्त नीतिगत वातावरण बनाने की आवश्यकता है।

बोल्स्टर इनोवेशन से निजी खिलाड़ी अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों और सेवाओं के विकास के लिए आवश्यक इनोवेशन ला सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इन सेवाओं की मांग दुनिया भर में और भारत में बढ़ रही है, अधिकांश क्षेत्रों में उपग्रह डेटा, इमेजरी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। उपग्रह आधारित सेवाओं का विस्तार करने के लिए निजी क्षेत्र लागत प्रभावी उत्पाद या सेवा के विकास की सुविधा प्रदान कर सकता है, इस प्रकार नए उपभोक्ताओं का बड़ा आधार बना सकता है। तकनीकी उन्नति से व्यावसायीकरण से बेहतर तकनीकों का भी विकास होगा जो महत्वपूर्ण हैं। यह अंतरिक्ष अन्वेषण गतिविधियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी कई अन्य तकनीकों के एकीकरण की अनुमति देगा। अंतरिक्ष गतिविधियों के अनुभव से निजी क्षेत्र अन्य क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ा सकता है।

प्रत्येक लॉन्च में विभिन्न जोखिम होते हैं। निजी क्षेत्र लागत कारक के जोखिम को साझा करने में मदद करता है। विफल लागत वितरित की जाएगी। साथ ही निजी भागीदारी बढ़ने से उपलब्ध मानव पूंजी और दिमाग में बढ़ोतरी के कारण असफलताएं कम होंगी। सार्वजनिक संसाधन- भूमि, श्रम, पूंजी सीमित हैं। निजी क्षेत्र की भागीदारी से संसाधनों और प्रतिभा का एक नया पूल खुलेगा। यह अधिक धन लाएगा, और अंतरिक्ष अन्वेषण गतिविधियों में अनुभव करेगा। एफडीआई सुधार से सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग दोनों को प्रोत्साहित करने के लिए इस क्षेत्र के लिए अधिक उदार एफडीआई नियमों पर विचार कर सकती है। एक स्वतंत्र नियामक बनाने से निजी खिलाड़ियों के बीच विश्वास पैदा करने में मदद मिल सकती है। निजी कंपनियों को प्रोत्साहनः इसरो की परीक्षण सुविधाओं को निजी क्षेत्र के लिए खोलने से लागत कम होगी और फर्मों को परिचालन अंतरिक्ष यान बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

भारत के अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करना, सुरक्षा सुनिश्चित करना, देनदारियों और मानकीकरण को कवर करना। बेहतर विनियामक वातावरण का अर्थ होगा निजी फर्मों के लिए प्रवेश की कम बाधाएँ। इनक्यूबेटर और अनुदान कार्यक्रम जो इस प्रारंभिक आरएंडडी चरण के दौरान क्षेत्र का समर्थन करते हैं, उनमें बहुत सुधार होगा और उद्यमिता और निवेशक भागीदारी, साथ ही इन स्टार्टअप की सफलता दर में वृद्धि होगी। भारत में अंतरिक्ष के लिये निजी क्षेत्र की भूमिका को सीमित रखा गया है। सिर्फ कम महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिये ही निजी क्षेत्र की सेवाएँ ली जाती रहीं हैं। उपकरणों को बनाना और जोड़ना तथा परीक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य अभी भी इसरो ही करता है। यह ध्यान देने योग्य है कि विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष क्षेत्र का संस्थान नासा भी निजी क्षेत्र की सहायता लेता रहा है। मौजूदा समय में भारत में नवीन अंतरिक्ष से संबंधित 20 से अधिक स्टार्ट-अप मौजूद हैं। इन उद्यमों का दृष्टिकोण पारंपरिक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता मॉडल से भिन्न है। ये स्टार्ट-अप सीधे व्यापार से जुड़कर या सीधे उपभोक्ता से जुड़कर व्यापार की संभावनाएँ तलाश रहे हैं। जिस प्रकार विभिन्न स्वतंत्र एप्प निर्माताओं को सीधे एंड्राइड और एप्पल प्लेटफार्म में प्रवेश की अनुमति दी गई उसने स्मार्ट फ़ोन के उपयोग में क्रांति को जन्म दिया। इसी प्रकार अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को स्थान देकर इस क्षेत्र की संभावनाओं में वृद्धि की जा सकती है तथा यह भारत के दृष्टिकोण से भी लाभकारी होगा। इसलिए, इन-स्पेस और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड की स्थापना जैसी निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने की हालिया पहल अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमता का एहसास करने के लिए एक अच्छा कदम है, जिसे उपरोक्त सुझावों के माध्यम से और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यह भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने में भी सक्षम बना सकता है।

# व्यापार-20 संवाद समूह

**चंद्रजीत बनर्जी**

पिछले महीने बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राजनेताओं की घोषणा में %अद्वितीय बहुआयामी संकट% के बारे में बात की गई थी, जिसका वर्तमान में दुनिया सामना कर रही है। इसमें सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के साथ-साथ निजी निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, सतत विकास और डिजिटलीकरण से संबंधित इसकी कई नीतिगत कार्रवाइयां; जी20 के व्यवसाय संवाद समूह, व्यापार 20 (बी20) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप थीं।

भू-राजनीतिक संबंधों के प्रत्यक्ष बदलाव के समय में, जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका वैश्विक स्थिरता और व्यापक आर्थिक समन्वय पर केन्द्रित होगी, क्योंकि राष्ट्र महामारी के बाद, यूक्रेन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास कर रहे हैं।

वसुधैव कुटुम्बकम या ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ की थीम समसामयिक चुनौतियों को देखते हुए पूरी तरह उपयुक्त है और यह सामान्य वैश्विक मुद्दों का सामना करने के सन्दर्भ में, पूरी दुनिया को साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा था, ÷भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी।÷

भारत ने शेरपा ट्रैक के तहत 13 कार्य समूहों का गठन किया है, जो रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार तथा निवेश समेत अन्य क्षेत्रों पर सिफारिशें प्रदान करेंगे। वित्त ट्रैक के तहत, जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक विकास, आर्थिक जोखिम और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे।भारत द्वारा रेखांकित की गयी प्राथमिकताएं, दुनिया के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती हैं। जी20 देशों के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत ने व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन शमन तथा डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है और देश आने वाले वर्ष में जी20 के नीतिगत निर्णयों को अंतिम स्वरूप देने के क्रम में एक बड़े विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सकता है।

वैश्विक व्यापार, 2022 की अपेक्षित विकास दर 3.5 प्रतिशत की तुलना में धीमा होकर 2023 में केवल 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत आज उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसी प्रगतिशील नीतियों, कारोबार में आसानी मिशन तथा अवसंरचना निर्माण, जिसने इसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने में सक्षम बनाया है, की मदद से एक वैश्विक विनिर्माण और व्यापार केंद्र के रूप में उभरा है।

सतत विकास के सन्दर्भ में, भारत 2023 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 5 पायदान वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो जी20 के बीच सबसे बेहतर है। भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति पेश की है और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ई-गतिशीलता और मिश्रित ईंधन में महत्वपूर्ण पहल कीं हैं, जो इसे अपने राष्ट्रीय निर्धारित योगदान के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं।

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है।

इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।भारत की जी20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में, भारतीय व्यवसायों के पास इस वर्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने और वैश्विक आर्थिक विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर है। अपनी उद्यमशील प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ, हम दुनिया को अपनी ताकत दिखा सकते हैं, क्योंकि बी20 भारत संवाद को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

**लेखक महानिदेशक, भारतीय उद्योग परिसंघ है**

### सेहत

## पोषक तत्वों से भरपूर फल है अमरा

अमरा एक स्वास्थ्यवर्धक फल है, जो कई लोगों के लिए अनजाने फलों की सूची में शुमार होगा। अगर ऐसा है तो बता दें कि यह भारत में उगाया जाता है। इसे वैज्ञानिक रूप से स्पोंडियास डल्सिस के नाम से जाना जाता है। यह जब कच्चा होता है तो इसका रंग हरा और स्वाद खट्टा होता है, जबकि पकने पर इसका रंग पीला और स्वाद मीठा हो जाता है। आइए आज इसके फायदों के बारे में जानते हैं। **पाचन के लिए है लाभदायक**-अमरा में पानी और फाइबर की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। ये दोनों ही तत्व पाचन के लिए लाभदायक माने जाते हैं। इस फल का रोजाना सेवन शरीर को हाइड्रेट रखने समेत आंतों को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह फल कई तरह की पाचन संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इस फल का गूदा अपच से पीड़ित लोगों के लिए अच्छा माना जाता है। **हृदय की कार्यप्रणाली में कर सकता है सुधार**-अमरा में कई एंटी-ऑक्सिडेंट्स मौजूद होते हैं, जो हृदय की कार्यप्रणाली को सुधारने में काफी मदद कर सकते हैं। ये एंटी-ऑक्सिडेंट्स हाई ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि इसे हाइपरटेंशन रोगियों के लिए लाभदायक माना जाता है। इसके अतिरिक्त यह फल खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। ऐसे यह फल हृदय रोग से सुरक्षित रख सकता है। **रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकता है मजबूती**-अमरा विटामिन- सी से भरपूर होता है, जो एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने में मदद कर सकता है। यह शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स के विकास को बढ़ावा दे सकता है। जो रोग और संक्रमण से लड़ने के लिए आवश्यक होते हैं। इसके अतिरिक्त विटामिन- सी ब्लड सर्कुलेशन में आयरन के अवशोषण में भी मदद कर सकता है, जिससे शरीर ऊर्जावान बना रहता है। आंखों

# फिर शुरू होगा सुराजी अभियान

## सभी पात्र व्यक्तियों का बनेगा जाति प्रमाण-पत्र, मिलेंगे राशन कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर।** जिले में 15 दिसम्बर से पुनः सुराजी अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान के तहत् जिले के सभी पात्र व्यक्तियों जिनमें विद्यार्थी एवं अन्य युवक-युवती भी शामिल हैं, उनका जाति प्रमाण-पत्र बनाया जायेगा। छूटे हुए सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाये जायेंगे। पात्रतानुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाया जायेगा और फौती-नामांतरण के कार्य भी किये जायेंगे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए घर-घर सर्वे किया जायेगा तथा सर्वे पश्चात् पात्र व्यक्तियों को फार्म भरवाये जायेंगे और उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को आगामी माह फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने ई-जनचौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को निर्देषित किया है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण



के लिए जिला कार्यालय तक आना पड़ता है, इससे उनका समय व धन दोनों का अपव्यय होता है। ई-जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणजन अपने विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये सीधे कलेक्टर से बात कर अपनी समस्या को बता सकते हैं। उन्होंने ई-जनचौपाल का ग्राम पंचायत में दीवार लेखन कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। गोधन न्याय योजनांतर्गत गौठानों में गोबर की खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण तथा उसके विक्रय की समीक्षा भी उनके द्वारा किया गया तथा सभी गौठानों में निर्धारित मात्रा गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर भी जोर दी गई।

**गांव के सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच करें-कलेक्टर :** मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि चिकित्सा टीम के सभी सदस्य निर्धारित बाजार दिवस को समय पर पहुंचे और गांव के लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया जाये। 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का गैर संचारी रोग की जांच करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में भी गैर संचारी रोगों के स्क्रीनिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत् हाट-बाजारों में उपचार का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया।

**नरवा विकास के कार्यों में गति लाने के निर्देश :** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने नरवा विकास के कार्यों में गति लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ किया जाये तथा सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जावे। क्लस्टर-01 के सभी कार्यों को जनवरी माह तक एवं क्लस्टर-02 के कार्यों को मार्च महीने तक और क्लस्टर-03 के कार्यों को मई महीने तक पूरा करने के निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला स्तर पर रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खरीदे गये धान की सुरक्षा के लिए केप कव्हर की व्यवस्था रखने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये तथा सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का लगातार दौरा करने के लिए निर्देशित किया गया। जिले के सभी विद्यार्थियों जेईई का फॉर्म भरवाने के निर्देश भी उनके द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये। उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध कराने के निर्देश भी उन्होंने खाद्य अधिकारी को दिये। सभी एसडीएम को ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं सेल्समेन की बैठक लेकर विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, डीएफओ जाधव श्रीकृष्ण एवं शशि गानंदन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित सभी जिला अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना और संचालन के लिए मंगाये गये आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गौठानों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की स्थापना और उसके संचालन के लिए तकनीकी सहयोग एजेंसी (टीएसए) का चयन किया जाना है, जिसके लिए जिला पंचायत कांकेर द्वारा आवेदन मंगाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि रूचि की अभिव्यक्ति के लिए प्रस्तावित कार्य विवरण और शर्तों का अवलोकन तथा आवेदन पत्र का प्रारूप कांकेर जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर के शाम 05 बजे तक निर्धारित है। निविदा को 20 दिसम्बर के दोपहर 12 बजे को खोला जायेगा, तत्पश्चात दोपहर 02 बजे से संस्था द्वारा प्रस्तुतीकरण दी जायेगी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन धमतरी का जिला स्तरीय स्थापना दिवस 17 को

**अंवरी 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पेन्शनर्स एसोसिएशन छत्ती. तहसील शाखा कुरूद जिला - धमतरी (छ.ग.) पं.क्र. - 1844 जिला स्तरीय स्थपना दिवस 17 दिसम्बर दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से पेशनर भवन, डिपो रोड, संजय नगर कुरूद में आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि - अजय चंद्राकर विधायक कुरुद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता - बीरेंद्र नाग जिला अध्यक्ष पे. एसो.छ.ग..जिला धमतरी विशिष्ट अतिथि तपन चन्द्राकर जी अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद , रामकृष्ण मिश्रा , यशवन्त देवान , के. के. त्रिवेदी , वीरेंद्र नामदेव जी, गंगा प्रसाद साहू , मुरली मनोहर शर्मा, विद्या देवी साहू होंगें। यह जानकारी एम. एल. बैस अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी पेंशनर एसोसिएशन तह. शाखा-कुरूद ने दी।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत पंच पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार कांकेर परमानंद बंजारे को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी कुमार यादव को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत चारामा में सरपंच तथा पंच पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार चारामा यशवंत कुमार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत चारामा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.एस. बढ़ई को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत नरहरपुर में पंच पद के लिए तहसीलदार नरहरपुर अखिलेष ध्रुव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.के. गुप्ता को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में पंच पद हेतु तहसीलदार दुर्गूकोंदल उमाकांत जायसवाल को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरोज कुमार महिलांगे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में सरपंच एवं पंच पद के उप निर्वाचन के लिए नायब तहसीलदार बांदे सुनील कुमार ध्रुव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत कोयलीबेड़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आषीष डे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### कार्मिक संपदा पोर्टल पर डाटा बेस अद्यतन करने के निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के अंतर्गत कार्यरत समस्त शासकीय सेवकों का डाटाबेस 31 दिसम्बर तक अद्यतन करने के लिए निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम ने बताया कि राज्य शासन के समस्त शासकीय विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों का कार्मिक संपदा पोर्टल पर डाटाबेस उनके सेवा पुस्तिका के अनुसार नाम, जन्मतिथि, पदग्रहण तिथि, पेन नंबर, नॉमिनी इत्यादि को अद्यतन किया जा रहा है। अतः समस्त शासकीय सेवक कार्मिक संपदा पोर्टल पर अपना डाटाबेस निर्धारित तिथि तक अद्यतन करवा लेवें।

### नपं पखांजूर में वार्ड पार्षद के उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के नगर पंचायत पखांजूर में वार्ड क्रमांक-13 के पार्षद पद हेतु उप निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर मनीष साहू को रिटर्निंग ऑफिसर और नायब तहसीलदार बांदे सुनील कुमार ध्रुव को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### खपरी में मड़ाई मेला का आयोजन 19 को

**अंवरी 14 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** ग्राम खपरी के समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर दिनांक 19 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पुजा के फुल नाचा पार्टी खल्लारी बालोद का कार्यक्रम रखा गया है।

# शीतला माता मंदिर की वार्षिक जात्रा में उमड़े श्रध्दालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,14 दिसम्बर।** गीदम के शीतला माता मंदिर में मंगलवार को वार्षिक जात्रा का आयोजन हुआ , गीदम समेत विभिन्न जगहों से ग्रामीणो की यहां भारी भीड़ उमडी रही । ग्रामीणो ने शीतला माता मन्दिर में माता के दर्शन व पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और यहां लगने वाले मेले का लुत्फ उठाया । गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व रहा है। इसमें ग्रामीण अपने देवी - देवताओं के साथ एकत्रित होते है और इन जात्राओ में क्षेत्र के विकास और खेती - बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक



सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है। मेले में पहुचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिये चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते है, और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते है। गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष दिसम्बर माह में मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा - अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शनों के लिये दिन भर भक्तो का ताता लगा रहा। इस दौरान देव खेलनी रस्म अदायगी हुई । क्षेत्र की विधायक देवती कर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि भी यहां पहुँचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की ।

**तीन साल में एक बार होने वाले भैरव बाबा जात्रा का भी हुआ आयोजन :** इस वर्ष तीन दिवसीय शीतला माता जात्रा के आयोजन में प्रथम दिन 12 दिसंबर को भैरव लंका गीदम में स्वयंभू भैरव बाबा की पूजा अर्चना की गई। गौरतलब है कि हर तीन वर्ष के बाद भैरम लंका में भैरव बाबा जात्रा का आयोजन गीदम में किया जाता है। साथ ही उसी दिन शाम के समय शीतला माता मंदिर में जात्रा कलश की स्थापना की गई। वही दूसरे दिन 13 दिसंबर को गांवदई पूजा व शीतला माता की पूजा अर्चना की गई , इस दौरान देव खेलनी रस्म भी अदा की गई। वही शाम को उड़िया नाट व आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया जिसके बाद 14 दिसंबर सुबह देवपूजा व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन हुआ ।

### बस्तर पुलिस ने शहर में घूम रही मानसिक रूप से कमजोर महिला को परिजनों तक पहुंचाया

**जगदलपुर 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 9 दिसंबर को थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ कि हाटगुड़ा में एक महिला गुमसुन सुनसान जगह पर बैठी है। कि सूचना डायल-112 को प्राप्त होने से महिला को डायल-112 के पुलिस स्टाप द्वारा थाना लेकर आये। जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पता सही नहीं बतायी जिसे वन स्टाप सखी सेंटर जगदलपुर में सुरक्षार्थ रख कर, काउन्सलिंग कराया गया। उक्त महिला मानसिक रूप से कमजोर होने एवं अपना सही नाम पता नहीं बताने पर, महिला द्वारा जिस जिस जगह का नाम बतायी, उसके आधार पर पहचान हेतु अलग-अगल थानों में वाट्सअप के माध्यम से उसका फोटो भेजकर पहचान कराया गया, जहॉ पर उक्त महिला का नाम श्रीमती किरण उर्फ चंद्रवती निषाद निवासी ग्राम खुरसुनी थाना अर्जुंदा जिला बालोद का होना पता चला। महिला के परिजनो द्वारा बताया गया कि उनके पास जगदलपुर आने के लिये कोई साधन नहीं है, गांव के रहने वाले है बताने पर, उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एमन साहू के द्वारा महिला थाना स्टाफ के माध्यम से किरण निषाद को ग्राम खुरसुनी थाना अंर्जुदा जिला बालोद ले जाकर परिजनों को ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीणों के समक्ष सुपुर्दनामे पर सौपा गया। सभी ग्रामीणों द्वारा बस्तर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अनुकम्पा,पदोन्नति वेतनमान निर्धारण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से एसोसिएशन की भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 14 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न समस्याओ को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा व स्वागत किया जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला,नोहर साहू ,शैनी रविन्द्र ने बताया कि जिले के कटेकल्याण ब्लॉक में प्रधान पाठक प्राथमिक पदोंन्नति के दो माह बीत जाने के बाद भी सहायक शिक्षक पद का वेतनमान दिया जा रहा है जबकि पदोंन्नति उपरांत प्रधान पाठक पद का वेतनमान दिया जाना था जिस पर वेतन निर्धारण कर एरियस का भुगतान किया जाए साथ ही सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक व उच्च श्रेणी शिक्षक से प्रधान अध्यापक माध्यमिक के पदों पर पदोंन्नति उपरांत विभिन्न डीडीओ में अलग अलग वेतन निर्धारण के चलते वेतन भुगतान में भिन्नता का सामना शिक्षको को करना पड़ रहा है जिसे स्थानीय संपरीक्षा निधि जगदलपुर से परीक्षण कर भुगतान करने की मांग की। संगठन प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया,कमल किशोर रावत,सूर्यकान्त सिन्हा ने बताया कि जिले में दिवंगत हुए शिक्षको के परिजनों को



अनुकम्पा नियुक्ति के मामले को लेकर चर्चा की गई जिससे लंबित प्रकरणों पर आदेश प्रसारित करने की मांग की गई पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के प्राथमिक शालाओ में रिक्त प्रधान पाठक के पदों पर शासन की मंशानुरूप सम्पूर्ण पदों पर पदोंन्नति प्रदान किया जाए ज्ञात हो कि कुछ पदों को विभाग द्वारा परिभर्मन में रखा गया था उन पदों पर पदोंन्नति देने से जिले के सहायक शिक्षको को लाभ होगा इस अवसर पर जी.आर नाग,कामायनी ठाकुर,पोरस बिंझेकर, खोमेंद्र देवांगन,कोकिला ठाकुर,संध्या सिंह,साधना उरकुड़े,संतोष अजमेरा,कविता भोगामी,अमित देवनाथ, राजेन्द्र यादव,अजय सिदार,चिरस लकड़ा,सुशोमन्त दास उपस्थित रहे।

# महिलाएं पैरादान अभियान से जुड़कर किसानों को कर रही हैं प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 14 दिसंबर।** जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 86 गौठान संचालित हैं, जिनमें से 79 गौठानों में गोबर खरीदी की जा रही है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने बताया कि गौठानों में वर्ष भर के लिए पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था एक बड़ी समस्या रहती है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने क्षेत्र के किसानों एवं महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं जो कृषि कार्य से जुड़ी हुई हैं उनसे अपील की है कि पशुओं के लिए चारा



व्यवस्था करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अक्सर देखने में आता है कि फसल कटाई के बाद किसान पैरे को खेतों में छोड़ देते हैं या फिर आग लगाकर जला देते है। अगर इन पैरा को एकत्रित कर गौठानों में दान कर दिया जाए तो वर्षभर के लिए पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जा सकती है। अभियान चलाकर हम पैरादान के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हैं तो एक पुण्य कार्य होगा।

इसका असर अब दिखने लगा है जिले की ग्राम पंचायत मुरदण्डा,दुगोली, नुकनपाल और नैमेड़ में पैरादान की कमान अपने हाथों में लेते हुए गौठानों में पैरादान कर रही हैं वहीं ग्राम पंचायत के किसानों को पैरादान करने प्रोत्साहित भी कर रही हैं। वहीं जिले की अन्य गौठानों में भी महिलाएं आने वाले 15 दिवस पैरादान के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करेंगी।

## बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई

# कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मंगलवार को निर्माण कार्यों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देषित किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2015-16 से वर्ष 2021-22 तक स्वीकृत 1332 अपूर्ण कार्यों में से 383 कार्य को दो माह के भीतर पूर्ण कराया गया है। पिछले वर्षों में स्वीकृत कार्य अब तक अपूर्ण रहने पर उनके द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई तथा शेष 949 कार्यों को दिसम्बर 2022 तक एवं वर्ष 2022-23 में स्वीकृत



सभी निर्माण कार्यों को मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के लिए निर्माण एजेन्सी को निर्देशित किया गया। जो कार्य अप्रारंभ अथवा बंद है, उन कार्यों के निर्माण एजेंसियों को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से नोटिस जारी कर कार्यवाही किये जाने, साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अनुविभाग एवं जनपद स्तर पर बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया गया।बैठक में अनुपस्थित रहने एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने में रूचि नहीं लेने पर जनपद पंचायत अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और स्वच्छ भारत मिषन के कार्यों की भी समीक्षा किया गया तथा रोजगार गारंटी के कार्यों में अधिक से अधिक श्रमिकों को नियोजित करने के निर्देष दिये गये। रोजगार गारंटी येजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों का ग्राम पंचायत में दीवार लेखन कराने के लिए भी निर्देषित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित निर्माण से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत् निर्वाचन की सूचना का प्रकाषन 16 दिसम्बर शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे की जायेगी तथा इसी के साथ नाम निर्देषन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही भी शुरू हो जायेगा। सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन और मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी इसी दिन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे, नाम निर्देश प्राप्त करने की अंतिम तारीख 23 दिसम्बर 2022 शुक्रवार के दोपहर 03 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 दिसम्बर शनिवार को किया जायेगा तथा अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर सोमवार दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है। उसके बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। मतदान 09 जनवरी 2023 सोमवार को संपन्न कराया जायेगा। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान 09 जनवरी सोमवार को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक और नगरीय निकायों में भी उप निर्वाचन के लिए मतदान 09 जनवरी को ही प्रातः 08 बजे से सायं 05 बजे तक संपन्न कराया जायेगा।

### राजस्व वसूली लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करें: कलेक्टर

**जगदलपुर, 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने कहा कि डायवर्सन के प्रकरणों में राजस्व वसूली हेतु लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करें। डायवर्सन में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए जमीन का उपयोग करने वालों से प्राथमिकता से राजस्व की वसूली करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में राजस्व



प्रकरणों पर चर्चा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया। उन्होंने नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटिसुधार, अविवादित नामांतरण और नजूल शाखा से राजस्व वसूली कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र के निर्माण की समीक्षा के दौरान कहा कि जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का बीईओ, तहसील लेवल में एन्ट्री को बढ़ाएं। कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों का अधिक से अधिक आवेदन मंगवाएं जाए। उन्होंने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र से वापस गए बच्चों का सप्ताहवार फ्लोअप करवाएं। साथ ही एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चों का डाइट पूर्ण खाना व दवाईयों उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में निर्माण की जा रही आत्मानंद स्कूलों की प्रगति की समीक्षा किया। आश्रम छात्रावास व आंगनवाड़ी केंद्र में चिकित्सा सुविधाओं के तहत स्वास्थ जांच व दवाईयों का वितरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत किए गोबर खरीदी की समीक्षा की। गौठानों में पशुधन के लिए पर्याप्त मात्रा पैरा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा पैरादान के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में मातृत्व वंदना योजना, किसानों का ई-केवाईसी, सहकारी बैंक की शाखा स्थापना, नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा किए। साथ ही बस्तर विकास प्राधिकरण मद, सीएसआर मद, डीएमएफटी मद सहित अन्य मदों से किए गए निर्माण की उपयोगिता प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अनुपयोगी व खुले रखे हुए बोरवेल में अप्रत्यासित घटना होने की संभावना को देखते हुए खुले बोरवेल में ढ्क्कन लगवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक से पूर्व कृषि विभाग की जिला स्तरीय अभिसरण कार्ययोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय पोषण समिति कार्ययोजना पर चर्चा किया गया।

### अतिथि कम्प्यूटर अनुदेशक एवं स्टॉफ नर्स के चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 19 दिसंबर को

**जगदलपुर, 14 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के शिक्षा सत्र 2022-23 में अध्यापन व्यवस्था हेतु कालखण्ड आधारित अतिथि कम्प्यूटर अनुदेशक एवं स्टॉफ नर्स के चयन हेतु पात्र पाये गए आवेदकों का वॉक इन इन्टरव्यू 19 दिसम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। पात्र पाये गए उम्मीदवारों की सूची जिले के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसे वेबसाईट पर एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जगदलपुर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

## एक नजर

### जनचौपाल में मिले 84 आवेदन



**गरियाबंद,14 दिसंबर।** जिला कार्यालय मे आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 84 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। डिप्टी कलेक्टर टी.आर. देवांगन ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिघ्र निराकरण हेतु आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम फिंगेश्वर की श्रीमती बसमतिया बाई ने जमीन का पट्टा प्रदान करने, ग्राम दुल्ला के विमल सिंह ने ऋण पुस्तिका बनाने, ग्राम पण्डरीपानी के जहुरराम साहू जमीन का पट्टा दिलाने, ग्राम बाड़ीगांव के पुरन सोना ने कब्जा जमीन वापस दिलाने, राजिम के जीवन धीवर ने वृद्धा पेंशन के लिए, ग्राम रजनकटा के नीलमणी यादव ने पंच द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने के कारण पंच से हटाने, ग्राम गोपालपुर के ईश्वर नेताम ने सुरक्षा उपकरण योजना से औजार या राशि दिलाने, ग्राम डुमरबाहरा के प्रहलाद और भगवंतीन ने विद्युत लाईन लगवाने, ग्राम पिपलखुटा के समस्त ग्रामवासी ने पिपलखुटा को ग्राम पंचायत बनाने और देवगांव(चरभट्ठी) नाला में पुलिया निर्माण के स्वीकृति आदि जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम महज एक ढकोसला: प्रेम चंद्राकर

**महासमुंद,14 दिसंबर।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रेम चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बसना विधानसभा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम महज एक ढकोसला है। उन्हें आम जनता से कोई सरोकार नही है। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जब जनता मुख्यमंत्री से मिलने एवं समस्याओं से अवगत कराने उनके पास जाने की कोशिश करते है तो प्रशासन द्वारा जबरदस्ती रोक कर उनके आवेदन को मुख्यमंत्री के आसपास रहने वाले अधिकारी कर्मचारी आवेदन को छीनकर भगा दिया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही 15वें वित्त की राशि से ही यह सरकार चल रही है। कांग्रेस सरकार हजारों करोड़ रुपए के कर्ज के तले दबे हुए हैं। गरीबों का अवास छिनने वाले भूपेश सरकार माफियाओं के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ को लूटने में लगा है। जनता की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नही है। गरीबों के राशन तक को नही छोड़ा। जिले में डीएमएफ फंड की राशि का उनके मातहत अधिकारी द्वारा जमकर लूटपाट किया है। भूपेश सरकार अगर जनहितैषी है तो स्कूलों में छत्तीगढ़िया खेल सामग्री वितरण में हुए भ्रष्टाचार, अमानक गोबर खाद, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के ट्रांसफर (ट्रांसफर उद्योग) में भ्रष्टाचार, सुरक्षानिधि के नाम पर अनाप सनाप बिजली बिलों में बढ़ोतरी कर जनता को लूटा। सड़कों में गड्ढों की जांच करा लेवे की सड़क है कहां। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतागण जब मुख्यमंत्री को आवेदन देने जाते है तो उन्हें जबरदस्ती गिरफ्तार कर अन्यत्र स्थानों में ले जाया जाता है। जिसका भाजपा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रायोजित लोगों को तैयार कर प्रायोजित लोगों की बात सुन रही है। आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रायोजित कार्यक्रम हो गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद,14 दिसंबर।** बाल विकास परियोजना मैनपुर मे 04 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 01 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 21 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के कुल 26 पद हेतु 11 जनवरी 2023 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। उक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाया गया है। आवेदन कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मैनपुर में पंजीकृत डाक से या सीधा भी जमा कर सकते है। उक्त संबंध मे विस्तार से जानकारी हेतु कार्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद में सम्पर्क कर सकते है।

### कालेज परिसर में लगाया बरगद का पौधा

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बरगद का पौधा लगाया गया। बरगद वृक्ष को अक्षय वट भी कहा जाता है। वृक्षों से ऑक्सीजन मे वृद्धि होती है। इस उद्देश्य को लेकर हिंदी विभाग के सामने बरगद का पौधा लगाया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल ने बताया कि बरगद के पेड़ में भगवान ब्रह्मा, हरि और शिव निवास करते हैं। बरगद की उम्र सबसे ज्यादा होती है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहा जाता हैद्य विभागाध्यक्ष डॉक्टर दुर्गावती भारतीय ने कहा कि बरगद के पेड़ की प्रत्येक पत्तियां ऑक्सीजन बनाती हैं। इसके छांव में ज्यादा समय तक रहने से दैहिक, दैविक और भौतिक लाभ मिलता है। सहायक प्राध्यापक जीवन चंद्राकर ने पेड़ लगाना बहुत ही श्रेष्ठ कार्य बताया। इस मौके पर एमए तृतीय सेमेस्टर से दीपम साहू, एमए प्रथम सेमेस्टर से नीलेश महापात्र समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिव नाम जप ले सहारा मिलेगा, डुबे हुए को किनारा मिलेगा:महंत व्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,14 दिसंबर।** गाँधी मैदान में चल रहे शिवमहापुराण के तृतीय दिवस पर महन्त राधेश्याम जी व्यास ने, हजारों की संख्या में खचाखच भरे पण्डाल में भगवान शिव की महिमा बताते हुए कहा ÷शिव नाम जप ले सहारा मिलेगा , डुबे हुए को किनारा मिलेगा , स्वाश अमोलक विरथा गंवाए , जो शिव कथा सुनने न आये , जीवन न तुझको ये दोबारा मिलेगा , ये अवसर न तुझको दोबारा मिलेगा ,एक ही शिव का नाम है सच्चा , और जगत में सब कुछ झूठा , उसे प्यार कर ले तू सहारा मिलेगा इस भजन ने आज सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया , मानव जीवन का कल्याण हो जाए ये सभी के जीवन का मूल उद्देश्य होता है और भगवान शिव जी के कृपा से ही कल्याण होता है क्योंकि शिव का अर्थ ही होता है कल्याण ये संदेश है शिव पूजन की विधि बताते हुए उन्होंने बताया कि जिन्हें कोई भी मंत्र नही आता तो केवल ? नमः शिवाय के पंचामृत मंत्र के द्वारा पूजा स्वीकार हो जाता है , मगर महिलाओं को कभी भी ? नमः शिवाय का मंत्र नही बोलना चाहिए बल्कि ? शिवाय नमः और पुरुषों को ? नमः शिवाय का मंत्र बोलना चाहिए, सर्वप्रथम शिवलिंग काशी जी की नगरी मे फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष के



चतुर्दशी तिथि को प्रकट हुआ , और स्वयं विष्णु जी ब्रम्हा जी द्वारा जल से लालचंदन से भांग , धतूरा , दूर्वा , बेलपत्र , शमीपत्र पुष्प आदि से ताली बजाते भजन गाते हुए विधिवत पूजा अर्चना करने लगे तो सदाशिव जी प्रसन्न हुए और वरदान दे दिया कि आज के रात को जगत में महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाएगा , और जिस दिन इस पृथ्वी पर प्रथम बार काशी की नगरी में शिवलिंग का प्राकट्य हुआ उस दिन को प्रदोष कहा जाता है , जिस समय में सूरज के ढल जाने और चंद्रमा के उदय के पूर्व के सायंकाल को उनका प्राकट्य हुआ उसको प्रदोषकाल कहा जाता है , प्रदोष के दिन व्रत रखकर जो भी भक्त अपने अपने घर मे मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर किसी विद्वान आचार्य से विधि पूर्वक पूजन कराते हैं तो बहुत बड़ा फल मिलता है , खासकर अगहन महीने के आद्रा नक्षत्र पर जरूर शिव पूजन करना चाहिए , शिव भक्तों से उन्होंने कहा कि जो भक्त महाशिवरात्रि के दिन विधि विधान से पूजा करता है उसको वर्षभर 365 दिन के नियमित पूजा करने का लाभ मिल जाता है , शिव जी की पूजा ऊत्तर दिशा की ओर मुख करके ही करना चाहिए और शिव जी की पूजा से पूर्व हमेशा जलहरि की पूजा पहले किया जाना चाहिये , सनातन धर्म शास्त्रों के अनुसार जलहरि से जल गिरने का हिस्सा ऊत्तर दिशा की ओर ही रखा जाता है , जलहरि में माँ भगवती पार्वती का निराकार रूप होता इसलिए तीन बार जल चढ़ाने चाहिए क्योंकि माँ भगवती के तीन रूप दुर्गा , लक्ष्मी और सरस्वती होते हैं , पंडित श्री राधेश्याम जी व्यास ने बताया कि भगवान शिव को जल चढ़ाये जाने वाला लोटा ताम्बे का ही होना चाहिए स्टील का नही , धर्मग्रंथों के अनुसार *ताम्बे के पात्र में जल अमृत हो जाता है , चाँदी के पात्र में दूध अमृत हो जाता है , और कांशे के पात्र में दही अमृत हो जाता है* अभिषेक के बाद तीन उंगलियों से लाल चन्दन से त्रिपुण्ड (तिलक) कर अक्षत , दूर्वा , बेलपत्र शमीपत्र , धतूरा , भाँग पुष्प आदि चढ़ाने चाहिए , अक्षत का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा चावल के साबुत दाने ही हो , टूटे हुए चावल पूजन में उपयोग नही लाना चाहिए , लक्ष्मी बीज भण्डार गरियाबंद के संचालक भूषन रिखीराम साहू परिवार द्वारा आयोजित कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से श्री राधेश्याम जी द्वारा वास्तुशास्त्र के ज्ञान देते हुए बताया कि जिस घर मे पिता के कमरे के ऊपर बच्चों का कमरा बना होता है उस घर में शांति नही रहती , मेहमान का कमरा पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए , बरकत और मां बड़ाई होता है , घर के मुख्या या मालिक का कमरा दक्षिण दिशा में होने से अनुकूल वातावरण बनता है उन्नति होता है , घर में मन्दिर पूर्व दिशा ईशान में होना चाहिए लेकिन पूर्व या ईशान दिशा में कभी भी तुलसी का पौधा नही लगाना चाहिए , हानि होती है, जिस घर मे आग्नेय दिशा में रसोई बनी हुई हो और खाने बनाने वाले का मुख पूर्व दिशा में होगा तो उसके घर में धन लक्ष्मी देवी के भंडार कभी खाली नही होंगे , घर में सुख शांति बनी रहेगी , सम्मान बढेगा,बच्चों को पढ़ाई करते समय या धार्मिक ग्रंथों को पढ़ते समय हमेशा उत्तर दिशा की ओर मुख करके पढ़ाई करने से ज्ञानवान , बुद्धिमान और याददास्त मजबूत होता है मकान की सीढ़ियां हमेशा दक्षिण दिशा में बनाना चाहिए , कथा का समापन 19 तारीख को विशाल भण्डारे के साथ होगा , आयोजक परिवार द्वारा 19 तारीख तक चलने वाले इस अदभुत कथा का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेने अपील किया है

# पानी की मांग को लेकर सैकड़ों किसान पहुंचे जिला कार्यालय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 14 दिसंबर।** फिंगेश्वर क्षेत्र से सैकड़ों किसान आज गरियाबंद जिला कार्यालय पहुंच जन चौपाल के माध्यम से सिंचाई हेतु सिकासेर बांध से पानी छोड़े जाने की मांग की, साथी पानी ना मिलने से फसल बर्बाद होने की बात कहते हुए, उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि 17 दिसंबर तक अगर पानी नहीं छोड़ा गया तो फिंगेश्वर में चक्का जाम किया जाएगाफिंगेश्वर क्षेत्र से के दर्जनों गांव के लोगों ने आज जन चौपाल के अवसर पर गरियाबंद जिला कार्यालय पहुंच एक आवेदन जन चौपाल में सौपते हुए कहा है कि वे लंबे समय से फसल हेतु पानी की मांग कर रहे हैं किंतु पानी ना मिलने के चलते फसल बर्बाद हो रहा है बीते सालों भी पानी ना मिलने से फसल बर्बाद हुआ है ऐसी स्थिति में अगर इस साल भी पानी नहीं मिलता तो इस साल भी फसल बर्बाद हो जायेगा और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा इसलिए वे लगातार पानी की मांग कर रहे हैं किंतु शासन-प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है ऐसी स्थिति में वे जिला कार्यालय पहुंचकर के सिकासेर बांध से पानी छोड़ने की मांग कर रहे की इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा है अगर 17 दिसंबर तक पानी नहीं छोड़ा गया तो वे फिंगेश्वर में चक्का जाम करेंगे इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर देवांगन ने बताया कि उनका आवेदन प्राप्त हुआ है और वह नियमानुसार कार्रवाई कर रहे हैं देखना यह होगा कि जल उपयोगिता समिति की बैठक में क्या निर्णय लिया गया है उसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में सीनियर इंजीनियर गिरफ्तार, डायरेक्टर समेत 4 को तलाश रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 दिसंबर।** भिलाई कुम्हारी फ्लाई ओवर में हुए हादसे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कंपनी रॉयल इन्फा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कोलकता कंपनी के जिम्मेदार लोगों में से एक सीनियर इंजीनियर पीयूष पाढ़ही को गिरफ्तार कर लिया है इन पर गैरइरादतन हत्या का जुर्म कायम किया गया है कंपनी के अन्य जिम्मेदार आरोपियों की तलाश कुम्हारी पुलिस कर रही है दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि पीयूष पाढही (30 वर्ष ) को गिरफ्तार कर न्यायालय भिलाई-3 के समक्ष पेश किया गया है फ्लाईओवर के अधूरे होने र के



बावजूद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं रोकी गई थी इसी वजह से हादसा हुआ छावनी सीएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर की रात 11 बजे कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे...

**कुम्हारी थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे एनएच 53 पर**

निमार्णाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज से गिर जाने से देवांगन दंपती आजुराम देवांगन (47 वर्ष), श्रीमती निर्मला देवांगन (45 वर्ष) की मौत हो गई थी उनकी 12 वर्षीय बच्ची की जान बच गई पर वह घायल है। इस घटना के कुछ घंटे बाद ही अधूरे ओवरब्रिज से एक कार भी नीचे गिरी थी अन्य आरोपियों को पकड़ने दूसरे राज्यों में जाएगी पुलिस कुम्हारी टीआई सुंधाशु बघेल ने बताया कि प्रकरण में अन्य आरोपियो में रॉयल कंपनी के डायरेक्टर जितेन्द्र जैन, श्रेयांश जैन, प्रोजेक्ट हेड अनिरूद्ध जैन, एवं प्रोजेक्ट मैनेजर शांतनु मलिक अन्य राज्य में हैं। पुलिस उनका लोकेशन ट्रेस करेगी और जल्द उन्हें पकड़ने के लिए आला अधिकारियों के निर्देशन में टीम बनाकर भेजी जाएगी। टीआई ने बताया कि कुम्हारी में हुए हादसे के बाद कारणों के सवाल- - जवाब के लिए पुलिस ने एनएचएआई के एसडीओ एके श्रीवास्तव और सब इंजीनियर अभिजीत सोनी को थाने बुलाकर उनका बयान लिया है

# श्री राम कथा व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ दशहरा मैदान में




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति व जीवन आनंद फाउंडेशन द्वारा श्रीराम चौक दशहरा मैदान जोन -2 में 14 दिसंबर से श्रीराम कथा व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत खुर्सीपार क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे खुर्सीपार क्षेत्र का भ्रमण किया। कलश यात्रा में महाराष्ट्र एवं उड़ीसा के ढोल धमाल के साथ आंध्रप्रदेश का वाद्यदल भी चल रहा था। जय श्रीराम के जयघोष के साथ कलश यात्रा खुर्सीपार के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कथा व यज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा के दौरान खुर्सीपार क्षेत्र का उत्साह देखते ही बन रहा था।कलश यात्रा का शुभारंभ आज दोपहर 12 बजे विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। कलश यात्रा जोन 1 हनुमान मंदिर (शिवालय) से विभिन्न मार्गो से होते हुए जोन -3, सुभाष मार्केट श्री राम चौक स्थित दशहरा मैदान पहुंची। यहां वेदमंत्रों के साथ कथा स्थ्ल पर यज्ञ स्थल का पूजन किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं छ.ग. शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय भी कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने इतने वृहद आयोजन की प्रशंसा करते हुए समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भिलाईवासियों के लिए यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि यहां इतने वृहद रूप से श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने भी पूरे कलश यात्रा के दौरान व्यवस्था संभाली, साथ ही साथ समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि यज्ञस्थल पर प्राचीन कला के सहर्ष दर्शन होंगे। उन्होंने समस्त भिलाईवासियों से आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। यात्रा में समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, जिलाध्यक्ष सेवकराम साहू, तेजबहादुर सिंह, लालचंद मौर्य, अजय पाठक, विनोद सिंह, मेवालाल यादव, जोगिंदर शर्मा, बंटी पाण्डेय, पीयूष मिश्रा, श्यामसुंदर राव, श्रीमती वीणा चंद्राकर, श्रीमती गिरीजा बंछोर, श्रीमती स्मिता दोड़के, श्रीमती ईश्वरी नेताम, श्रीमती सरिता बघेल, प्रकाश यादव, यश सिंह, श्रीनिवास राव, आदित्य टोपा, संदीप तिवारी, नील मानिकपुरी, शंकर केडिया, रोहित तिवारी, यशवंत राजपूत, अरूण सिंह, अविनाश प्रधान, प्रतीक सिंह, डिम्पी सिंह आदि सहित बड़ी संख्या शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**बुधवार से महायज्ञ व श्रीराम कथा**

दशहरा मैदान पर कल से श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ व श्रीराम कथा शुरू होगी। 14 से 22 दिसंबर तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के तहत राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद स्वामी अपने मुखारविंद से कथा वाचन करेंगे। रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा स्थल पर सप्तकुण्डीय नवदिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ प्रतिदिन किया जाएगा। इस महायज्ञ के लिए कथा स्थल पर कलात्मक रूप से यज्ञ कुठिया का निर्माण किया गया है, जहां यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

### रकबा वृद्धि वाले क्षेत्रों का करें निरीक्षण:सीईओ

**रायगढ़, 14 दिसम्बर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को धान खरीदी कार्यों में किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए खरीदी के साथ-साथ धान के उचित रखरखाव और उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कोचियों व बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन तथा विक्रय किए जाने पर कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो अपना पूरा धान बेच लेते हैं ।



# नियत तिथि तक कर जमा न करने वालों को कुर्की नोटिस जारी करें:आयुक्त



भिलाई-3 चरौदा निगम के राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए आयुक्त अजय त्रिपाठी द्वारा विभागीय बैठक ली गई। निगम आयुक्त ने उपस्थित समस्त राजस्व अमले से निगम द्वारा वसूल किये जाने वाले संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर, निर्यात कर की कर्मचारी वार समीक्षा की।इस माह के अंत तक 100 प्रतिशत कर दाताओं को माँग प्रेषित करने और बड़े बक़ायदारों को समय सीमा में कर जमा करने नोटिस जारी करने निर्देश दिए। वसूली कार्य शत प्रतिशत करने के साथ-साथ रिएसेसमेंट करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने सभी कर्मचारियों को आदेश जारी किये गये है। defaulters को कूर्की नोटिस जारी करने कहा। इसके अतिरिक्त निगम आयुक्त ने निगम क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण एवं अनधिकृत निर्माण के सर्वे की जानकारी ली एवं इनकी साप्ताहिक रिपोर्ट भवन शाखा जमा करने आदेश दिया।अब तक निगम क्षेत्र अंतर्गत अनधिकृत निर्माण के नियमितीकरण हेतु प्राप्त निर्देश के तहत 170 आवेदन प्राप्त हुये हैं जिस पर आयुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। इस योजना के लाभ हेतु मुनादी कार्य एवं दीवार लेखन का कार्य कराया जा रहां है। इसके अतिरिक्त सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है कि अपने अधिकार क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण की साप्ताहिक रिपोर्ट भवन शाखा को प्रस्तुत करेगें। इसके अनुसार विगत सप्ताह 47 अनधिकृत निर्माण की जानकारी प्रस्तु की गयी, जिस आधार पर सभी संबंधितों को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 293, 296, 303 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### अविवादित बंटवारा नामांतरण का निराकरण शीघ्रता से करें: कलेक्टर



**सुकमा,14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों के काम काज और शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की द्य कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनहित की योजनाओं और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए द्य बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डी. एन कश्यप सहित जिला स्तरीय आधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने राजस्व प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण के लिए समय बद्ध कार्य योजना बनाने के निर्देश एस डी एम और तहसीलदारों को दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों और नए दर्ज होने वाले प्रकरणों को मिलाकर निराकरण का समय बद्ध लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने शिविर के जरिए प्राप्त अविवादित बंटवारा, नामांतरण आदि आवेदनों की पंजीयन व निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। अविवादित बटवारा नामांतरण के आवेदनो को पंजीयन के बाद शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने किसानों से प्राप्त आवेदनों मे कोई कमी पाए जाने पर अपने स्तर पर निराकरण करने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए ।गोठानों में सब्जी बाड़ी जैसी आजीविका मूलक गतिविधि संचालित करने के निर्देश-कलेक्टर श्री हरिस. इस ने समय सीमा की बैठक में गोधन न्याय योजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए गोठानों में सब्जी बाड़ी जैसी आजीविका मूलक गतिविधि संचालित करने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार करने को कहा द्य उन्होंने कहा कि प्रत्येक गोठान मे कम से कम एक हेक्टेयर जमीन सब्जी बाड़ी के लिए तैयार करने को कहा ताकि गोठानो के जरिए गांव में सब्जी उत्पादन व आजीविका मुल्क गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने इस दौरान गोबर खरीदी, खाद बिक्री, पैरादान और उनकी मात्रा आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।कलेक्टर श्री हरीस. एस ने छात्रों की जाति-मूल निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों को प्रतिदिन सम्बंधित तहसील कार्यालयों में जमा करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिए ताकि लगातार जमा आवेदनों पर निराकरण शीघ्रता से हो सके। उन्होंने कहा कि आवेदनों को एक साथ जमा करने पर अनावश्यक विलंब होगा। इसलिए जितना आवेदन प्राप्त हो रहा है उसे तत्काल तहसील मे जमा करें । उन्होंने तैयार जाति-मूल निवासी प्रमाण पत्रों को स्कूलों में ही संबंधित विद्यार्थियों को वितरित करने के निर्देश दिए।भूमि समतलीकरण और कुआं निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश-कलेक्टर श्री हरिस एस ने प्रधानमंत्री सम्मान विधि अन्तर्गत किसानों की ई केवाईसी की असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा के भूमि समतलीकरण और कुआं निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। साथ ही नरेगा में मजदूरों की संख्या बढ़ाने को कहा। सी-मार्ट में खरीदी-बिक्री बढ़ाने के साथ ही उत्पादों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री हरिस एस ने गोठानों में %रीपा गतिविधियां, नरवा कार्यक्रम अन्तर्गत चिन्हांकित कार्य एवं प्रगति, देवगुड़ी शेड निर्माण, देवगुड़ी में वृक्षारोपण व तार फेसिंग आदि कार्यो की जानकारी ली।

### वार्ड क्रमांक-27 उप निर्वाचन के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़, 14 दिसम्बर।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 उप निर्वाचन के सफल संचालन हेतु प्रभारी/नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। इनमें संयुक्त कलेक्टर सुश्री ऋषा ठाकुर को ऑनलाईन नॉमिनेशन कार्य हेतु तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनादत्त एक्का को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है।

### निधन

**शारदा प्रसाद अग्रवाल**



**दुर्ग, 14 दिसंबर।** दुर्ग बनिया पारा निवासी व पूर्व बीएसपी कर्मी श्री शारदा प्रसाद अग्रवाल जी ( उम्र87 वर्ष) का आकस्मिक देहावसान 13/12/22 की शाम को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 14/12/2022 को प्रातः 10 बजे निज निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।वे श्रीमती चंद्रिका अग्रवाल के पति व आलोक, अमित, मनीष,आरती, दीप्ति, कीर्ति व स्मृति अग्रवाल के पिता थे।

## एक नजर



सिमगा, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम औरेठी में सरपंच तेजराम वर्मा ने किसानों को नि:शुल्क चना वितरित किया है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता किए गए पुरस्कृत



सिमगा, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम बछेरा में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवम पुरुस्कार वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे, जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु, वरिष्ठ कांग्रेसी शेषनारायण साहू, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय विजय निषाद के स्मृति में युवा क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच ग्राम चौरेंगा एवम विश्रामापुर के बीच खेला गया,जिसमे चौरेंगा की टीम विजयी रहा,बेहद रोमांचक मैच में दोनों टीमो का हौसला अफ़ज़ाई मुख्य अतिथि अभिनव यदु ने किया एवम दोनों टीमों को बेहतर खेलभावना से खेलने के लिए प्रेरित किया, विजेता टीम एवम उपविजेता टीम को अभिनव यदु द्वारा पुरस्कार वितरण कर बधाई दिया गया,एवम समस्त युवा साथियों ग्रामवासियों को ऐसे सफ़ल प्रतियोगिता का आयोजन करते रहने को कहा जिस से हमारे ग्रामीण क्षेत्र का खेल प्रतिभा की पहचान हो और युवा भाइयों को आघे खेलने का अवसर प्राप्त हो। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपसरपंच दिनेश साहू,तामेश्वर सिंग ठाकुर,सुरेश यदु एवम युवा क्रिकेट क्लब के साथीगण ग्रामीण मौजूद रहे

### स्कूलों में बांटी गई फाइलेरिया दवा



सिमगा, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय फ़ाईलेरिया उन्मूलन दिवस मे न्यूछत्तीसगढ स्कूल में कृमि व फ़ाईलेरिया की दवा खिलाई गयी। इस अवसर पर फ़ाईलेरिया व उससे बचाव की जानकारी प्रधानपाठिका अखिलेश्वरी शुक्ला ने दी।स्वास्थ्य ही सबसे बडा धन व पहला सुख निरोगी काया इसप्रकार हमें सदैव अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। फ़ाइलेरिया से बचाव हेतु दवा सेवन आवश्यक है ताकि संक्रमण से बचा जा सके। फ़ाइलेरिया ।का कोई उपचार नहीं है अत: इससे बचाव हेतु दवा सेवन सर्वोत्तम उपाय है। 2-5वर्ष के बच्चों को डीईसी की 1गोली व 6-14 वर्ष के बच्चों को 2गोलीदवा वितरित कर दवा खिलायी गयी।बच्चों ने मितानिन मंजूलता एवम उमादुबे आंगनबाड़ी का करतल ध्वनि से अभिनंदन किया।इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाओं लक्ष्मी कोसले, लताकोसले, प्रतिमा निषाद व संचालक प्रमोद शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

### तीन आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 8 दिसम्बर 2022 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में रतिराम टण्डन पिता कुल्लू टण्डन, निवासी ग्राम तरेंगा, तहसील भाटापारा, दुर्गेश कुमार पिता पवन कुमार तिवारी, निवासी ग्राम सूमा, तहसील भाटापारा, एवं उर्मिला बाई पाल पति स्व. शिवप्रसाद पाल, निवासी ग्राम जरौद, तहसील सुहेला हैं।

## जिले के 4 सौ से अधिक गांवों के किसानों ने किया 3,168 ट्रॉली पैरा दान

# पैरादान को बढ़ावा देने आम किसानों को करें जागरूक, अभियान में लाएं तेजीः कलेक्टर

- राजीव गांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,14 दिसम्बर।** कलेक्टर रजत बंसल ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें मुख्यमंत्री के घोषणाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारीयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें गांव- गांव में पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान अवश्य चलाएं एवं पैरादान के महत्व एवं उपयोगिता को ग्रामीणो को अवश्य समझाए। इसके लिए सभी एसडीएम एवं सीईओ को अपने-अपने स्तर में बैठक कर क्रियान्वयन के संबंध में योजना बनाने का निर्देश दिए है। साथ ही अभी तक पैरादान के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। जिले में अभी तक 420 गांवों में किसानों द्वारा अब तक 3 हजार 168 ट्रॉली पैरादान इकट्ठा कर लिया गया है। जिसमें जनपद पंचायत बलौदाबाजार के 75 गांवों 844 ट्रॉली, सिमगा के 68 गांवों में 449 ट्रॉली, कसडोल में 116 गांवों में 323 ट्रॉली,पलारी के 70 गांवों में 504 ट्रॉली एवं भाटापारा के 91 गांवों में 1048 ट्रॉली शामिल है। इसके साथ ही कलेक्टर रजत बंसल ने राजीव गांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने कहा है। जिसके तहत क्लब के माध्यम से पैरादान, स्वच्छता, तालाबों की सफ़ाई, आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने जैसे गतिविधियों का आयोजन कराने के निर्देश सभी एसडीएम, सीईओ को दिए है। उक्त बैठक में जिलें में खराब सड़कों के लिए स्वीकृत हुए कार्यो को समय सीमा के भीतर पूर्ण करनें के करनें के निर्देश सभी सम्बंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों दिए है। बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल,कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने आज विशेषकर धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा की धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई भी समस्या नही होनी चाहिए। इस बात का विशेष ख्याल रखें। नये धान खरीदी केंद्रों में भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही धन्वंतरी मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राजीव युवा मितान क्लब, सी-मार्ट एवं अन्य निर्माण कार्यो की जानकारी, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण की प्रगति, गौधन न्याय योजना, गौ मूत्र,वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय,ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाने वाली जानकारी सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख,सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहें।

## रासेयो से चरित्र निर्माण के लिए नए अवसर मिलते हैं : सलीम मेमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 14 दिसम्बर।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के एनएसएस इकाई द्वारा भारत सरकार के युवा कार्य एव खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सिवनी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 13 से 19 दिसम्बर तक होना है जिसका उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच प्रीतम ध्रुव, अध्यक्षता सलीम मेमन (जनभागीदारी समिति अध्यक्ष महा. छुरा), विशिष्ठ अतिथि के रुप में मति लिकेश्वरी ध्रुव (महिला मण्डल अध्यक्ष), विशेष अतिथि के रुप में जयराम जगत, भगत राम सिन्हा, नथेल साहू, इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती और प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र की पूजा कर की गई तत्पचात अतिथियों का स्वागत और उद्बोधन हुआ इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डी आर साहू, डीपी सिंह, सीपी सीकरवार, तारिणी साहू एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन संतोष कुमार सोरी द्वारा किया गया। शिविर नायक के रूप में रोहन बंजारे, दिव्याणी चंद्राकर को शिविर नायिका चुना गया तथा शिविर में महाविद्यालय के 57 स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवस तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्राम में जागरूकता संबंधी कार्य किया जाएगा।



## छात्राओं को साइकिल वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 14 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन की योजनानुसार निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय चिखलाकसा में अध्ययनरत कक्षा नवमी के अनुसूचित जन जाति अनुसूचित जाति, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 34 छात्राओं को शाला प्रबंधन विकास समिति एवं शाला विकास समिति को जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सायकल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से भीखी मुखिया अध्यक्ष नगर पंचायत, अब्दुल इच्चाहिम सय्यद उपाध्यक्ष नप चिखलाकसा, बीडी मानिकपुरी अध्यक्ष-प्रबंधन विकास समिति, विक्रम ध्रुवे सांसद प्रतिनिधि, कुंती देवांगन, तिहारू आर्य पार्षद इस इन्द्रेश भारद्वाज एल्ड्मेन, राजू लाल रावटे, कमलेश लाटिया, आरके देवोगन प्राचार्य, एसएस नयन,जी सोरी, बीडी मसियाऐ, पी के नायक डी पारकर एवं सभी पात्र छात्राओं की पालक उपस्थित थे।

## पेंशनरों का किया जाएगा सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 दिसम्बर।** शासकीय सेवा के उपरान्त एक निश्चित आयु में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का प्रावधान है। सेवानिवृत्ति के पश्चात उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए लिये हर वर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है। यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी 17 दिसंबर 2022 को विकासखंड स्तरीय पेंशनर दिवस का आयोजन सांस्कृतिक भवन वार्ड 18 शिक्षक कालोनी तिल्दा में प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष रामावतार पांडे ने कहा कि इस दिन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पेंशनर साथियों का सम्मान किया जाना है।यदि किसी भी पेंशनधारी साथी की कोई भी समस्या हो तो वे अपनी समस्या को यहां रखें उनके समाधान के लिए पहल की जायेगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिरमौर, सचिव सेवादास वैष्णव, एस. एन. गुप्ता, रामसिंह गिलहरे, जामवंत पटेल, सूर्यदीन कुर्रे आदि साथियों ने ऐसे समस्त पेंशनर साथियों से चाहे वो शासकीय, अशासकीय, विद्युत, रेल्वे या अन्य स्थानों से सेवानिवृत्त हुए हों इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है।इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों को भी सादर आमंत्रित किया गया है जो पेंशनधारी साथियों के समस्याओं का निराकरण भी करेंगे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 51 अ- 2 वर्ष 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को निवासी ग्राम कोबिया तहसील व जिला बेमेतरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चिन्ताराम साहू पिता थानुराम साहु निवासी ग्राम बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा ने ग्राम कोबिया प.ह.नं. 35 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उसकी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2243/1, 2243/2, 2243/3, रकबा क्रमशः 0.033 0.028, 0.028 हे. को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी 1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार का आपत्ति/आक्षेप पेश करना हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06.01.2023 तक पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित ईश्तहार जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा )**
(मुहर) **बेमेतरा, जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गोपाल सेन पिता शंकर लाल जाति नाई निवासी वार्ड नं. 18 भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा फौती नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है कि जिसमें लेख किया गया है कि मेरी बुआ स्व. श्रीमती प्रेमीन बाई सेन पति सालिक राम के नाम से डोंगरगढ़ शहर में शीट क्र. 05 भूखंड क्र. 808/1 क्षेत्रफल 340 वर्गफुट भूमि स्थित है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 09.01.2022 को स्थान डोंगरगढ़ में हो चुकी है। मेरी बुआ नि:संतान थी। मृतका के नाम से दर्ज वर्णित भूमि पर मैं मृतका के जीवनकाल से काबिज होकर वर्तमान में भी काबिज हूं। खातेदार की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त खाते से मृतिका का नाम विलोपित कर मेरा नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/12/2022 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
(मुहर) **एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़**


## लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर होगी बर्खास्तगी की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बिना वाजिब कारण एवं अवकाश स्वीकृति के बिना लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले तथा अपने कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर उनके विरूद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा कर व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु किए गए उपायों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लम्बे समय से अनुपस्थित एवं लापरवाह शिक्षकों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर इंदिरा तोमर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विभाग प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने शराब सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों का तत्काल मेडिकल जॉच कराकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना उसके अनुमति से किसी भी स्थिति में शिक्षकों का संलग्नीकरण न किया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर उनके द्वारा संलग्नीकरण का आदेश जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों के संलग्नीकरण करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। शर्मा ने जिले में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए कार्ययोजना के संबंध में भी जानकारी ली।


**कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/1343/लो.नि.वि./न.पं./2022 — बस्तर, दिनांक 13/12/2022

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 19.12.2022 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 20.12.2022 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 23.12.2022 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 23.12.2022 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (हजार में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-01 माझीपारा सुंदर का बाड़ी से आंगनबाड़ी तक) | 1.00 | 2000.00 |
| 2 | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-14 बागबहार सोमारू कश्यप घर से आंगनबाड़ी भवन तक) | 1.00 | 2000.00 |
| 3. | पाईप लाईन विस्तार कार्य (वार्ड क्र.-15 डेलु घर से समलु घर तक) | 1.00 | 2000.00 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बस्तर**


## शराब छोड़ो-गांव बचाओ अभियान

# पूर्ण शराबबंदी के लिए निकाली गई पदयात्रा मारो पहुंची

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 14 दिसम्बर।** शराब छोड़ो-गांव बचाओ और छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी लागू करो की 13 वर्ष की पदयात्रा प्रसिद्ध नगर पंचायत मारो से महामाया देवी की प्रसिद्ध मंदिर से प्रारंभ होकर सोनिका ग्राम कोटेरा ग्राम पुटपुरा ग्राम खेड़ा ग्राम खुटेरा कापा चौक ग्राम संबलपुर होते हुए ग्राम रामपुरा ग्राम कापा पेंड्रा ग्राम पंढरभट्ट पहुंची जहां रात्रि विश्राम किया गया कल रात्रि पदयात्रा जो सिमरिया घाट से निकल कर बासीन-अमलडीहा- नारायणपुर होते हुए मारो पंहुची थी। जहां पर विप्र में रात्रि विश्राम किया गया था।

आज मारो के जन जागरण पदयात्रा में प्रमुख रूप से पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र तिवारी, सुरेश पटेल, पार्षद मनोज गुनबद, मंगलूराम योगेश गिरि, गोस्वामी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। पूरे नगर पंचायत मारो में शराब विरोधी पाम्पलेट एवं शराब मुक्ति के फ़ायदे को प्रमुख लोगों के बीच रखा गया एवं प्रमुख मार्ग पर रैली निकाली गई। ततपश्चात ग्राम खूटेरा में सरपंच बसंत वर्मा उपसरपंच राजू सिंह ठाकुर, राजपूत ठाकुर, शिव शंकर ध्रुव, परमेश्वर रजक दीपक पाटकर, रामदेव राजक, गेंडल निर्मलकर के द्वारा गरिमामय तरीके से स्वागत किया गया इसके पूर्व सोनिका में सतनामी समाज के राज महान सीताराम के द्वारा श्रीफ़ल एवं नगद राशि साथ स्वागत किया गया। खुटेरा की सभा में राजू ठाकुर के द्वार शराब बंदी का समर्थन करते हुए अपने गांव में शराब से होने वाले मौतो का जिक्र किया उसके बाद मुरारी मिश्रा के द्वार शराब के खिलाफ अपने 12 साल के पद यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि शराब बंदी करके ही छत्तीसगढ़ को बचाया जा सकता है। आज छत्तीसगढ़ का गांव शारब से पूरी तरह से बरबाद हो चूका है एवं विकास का कोई मूल्य नहीं रह गया है। आज गंदे से गंदा जानवर भी शराब नहीं पिता क्योंकि उसे पता है कि यह पीने वाली चीज नहीं है लेकिन इंसान इतना गीर चुका है कि वह शारब पिकर जानवर से भी बदत्तर हो गया है इसके खराब संबलपुर चौक में लोकप्रिय नेता हरि किशन कुर्रे के द्वारा फुल्ल फ़्टाके के साथ भव्य स्वागत किया गया अपने संबोधन में हरिकिशन कुर्रे के द्वारा शराब के खिलाफ अपना समर्थन किया एवं शराबबंदी की मांग समर्थन किया तथा अवैध बेचेने वालों को आडे हाथ लिया उसके बाद मुरारी मिश्रा ने कहा कि आज शराब के कारण छत्तीसगढ़ के किसान का जमीन बिकाते जा रहा है एवं किसान भूमि हीन मजदूर बनते जा रहा है तथा जो बच्चे भविष्य पढ़ा लिखकर बहुत बड़े पद में पहुंच सकते हैं वह शराबी बनकर अपना जीवन बरबाद कर रहे हैं मुरारी मिश्रा ने छत्तीसगढ़ में शराब बंदी की मांग लेकर कहां की अगर छत्तीसगढ़ में शराब बंदी नहीं की गई तो दुनिया का कोई ताकत छत्तीसगढ़ को बरबाद होने से नहीं रोक सकता। आज मुख्यरूप से पदयात्रा के कार्यक्रम में रिखी राम वर्मा, हीरा सिंह, जगदीश गुरु, गोपाल गुरु, गोपाल निषाद,विष्णु साहू,संदीप कतले, अवध लहरें, लाला साहू, महेंद्र ठाकुर, विनय उपाध्याय, पुष्पेंद्र वर्मा,कामदेव वर्मा, पुटपुरा पुरोहित, उर्वशी ध्रुव,लोकनाथ साहू, हरिकिशन कुर्रे, पुनीत द्रौपदी साहू, कुंती साहू, उत्तर ध्रुव, वीर जादू, राजकुमार वर्मा पुनीत गायकवाड़ अजय यादव आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कोण्डागांव संभाग, कोण्डागांव**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 6116/NIT-18/2022-2023/व ले लि — दिनांक : 12/12/2022

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- | 27/12/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- | 03/01/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथिः- | 04/01/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) | T0067 to t0072=750.00 |
| निविदाकारों की श्रेणी | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक |
| कार्य की अवधि | T0067 and T0068= upto 31.03.2023 and T0069 to T0072=02 Months |

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 18 T0067 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 15.00<br>11250.00<br>225000.00 |
| 18 T0068 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |
| 18 T0069 | CONSTRUCTION OF PARAPET WALL BOUNDARY WALL AND BOREWELL BALANCE WORK AT HIGHER SECONDARY SCHOOL AT BADEBENDRI। प्रथम आमंत्रण | 14.72<br>11100.00<br>221000.00 |
| 18 T0070 | CONSTRUCTION OF PARAPET WALL BOUNDARY WALL BALANCE WORK AT HIGHER SECONDARY SCHOOL AT MULMULA। प्रथम आमंत्रण | 13.94<br>10500.00<br>209200.00 |
| 18 T0071 | CONSTRUCTION OF VEHICLE PARKING STAND BALANCE WORK AT HIGHER SEC SCHOOL AT SAMBALPUR। प्रथम आमंत्रण | 8.02<br>6100.00<br>120300.00 |
| 18 T0072 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL BALANCE WORK AT HIGHER SECONDARY SCHOOL AT MALGAON। प्रथम आमंत्रण | 6.56<br>4950.00<br>98400.00 |

1. अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.(भ/स) कोण्डागांव**
**संभाग कोण्डागांव**

जी-96643/4

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को किया सामग्री का वितरण

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम बगारपाली में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के 6 हितग्राहियों को सहायक उपकरण और डेमो चेक वितरित किए। इसके तहत उन्होंने 2 हितग्राहियों को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 20-20 हजार रुपए का डेमो चेक, एक-एक हितग्राही को मोटराइज्ड ट्रायसायकल व्हीलचेयर और सी पी चेयर तथा हितग्राही दंपत्ति को विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए का डेमो चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के पांच हितग्राहियों को मसूर मिनीकिट और मत्स्य विभाग के तीन हितग्राहियों को जाल का वितरण किया।

### कांग्रेस ने की पटेरिया के बयान की निंदा

**रायपुर, 14 दिसम्बर ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से प्रधानमंत्री पद की गरिमा का मान सम्मान का ध्यान रखती है राजा पटेरिया ने प्रधानमंत्री के खिलाफजो बयान दिया उसकी कांग्रेस ने कड़ी निंदा की कांग्रेस का स्पष्ट मानना है प्रधानमंत्री ही नहीं किसी भी व्यक्ति के खिलाफ इस प्रकार से अमर्यादित टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि लेकिन भाजपा का नैतिक पतन हो चुका है इसलिए भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की ना ही खेद प्रकट किया है और बल्कि भाजपा की परिपाटी बन गई है देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना और भाजपा की राजनीतिक रोटी सेकने उनकी छवि को धूमिल करना। भाजपा के प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने छत्तीसगढ़ की जनता की चुनी हुई सरकार को थूक कर बहाने की बात कर जनमत का अपमान किया था भाजपा के दूसरे प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति लगाने को लेकर अशोभनीय टिप्पणी किया छत्तीसगढ़वाद के खिलाफ बात किया।

### सांसद फूलोदेवी ने संसद में न्यूनतम समर्थन मूल्य का मामला उठाया

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** राज्यसभा सांसद फूल ादेवी नेताम ने कहा कि आज खेती करना मुनाफे का सौदा नहीं रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, खाद-बीज की कीमत बढ़ रही है, बिजली के दाम कम नहीं हो रहे हैं। देश का किसान कर्ज लेकर खेती कर रहा है जिसे वह चुकाने में असमर्थ है। खेती में बढ़ रही लागत और फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण 80 प्रतिशत से अधिक किसान भारी कर्ज में है। जगह-जगह किसान आत्महत्या कर रहे हैं, सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने यह भी कहा कि किसान कर्ज से तभी निकल पाएगा जब स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर सभी फसलों के लिए सी 2+50 प्रतिशत के फार्मूले से एमएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाए।

### ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण तेजी से

**रायपुर, 14 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य का सीमावर्ती नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिले में दर्जन भर से ज्यादा सड़कों के निर्माण के बाद डामरीकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने आज जिले के खड़गवॉ इलाके का दौरा कर ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं डामरीकरण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने और डामरीकरण का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ लोक निर्माण सी.पी. बंजारे उनके साथ थे।

# वार्डों में अब चुनावी विकास कार्य

## अगले वर्ष चुनाव, मंत्री-विधायक लेने लगे जनता की सुध

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब सभी विधायक स्वेच्छानुदान सहित अन्य अनुदान से विकास कार्य कराने के लिए सक्रिय हो गए हैं। राजधानी दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अपने 20 वार्डों में प्रमुख गली व चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ से अधिक का प्रस्ताव बनाकर नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को भेजा है।

आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब सभी मंत्रियों एवं विधायकों के व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है। कैबिनेट मंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में विकास निधि से कार्य कराने के लिए सक्रिय हो गए हैं। मंत्रियों को 40 लाख से अधिक विकास निधि की राशि दी जाती है। इसके अंतर्गत सीसी रोड, तालाब पचरी का निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों को करने की अनुशंसा की जाती है। वहीं अनुदान राशि रामायण मंडली, गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव में पंजीकृत समितियों को दी जाती है। दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 20 वार्डों में प्रमुख गलियों के उद्धार के लिए प्रस्ताव बनाया है जिसके अंतर्गत ब्राह्मणपारा में साई मंदिर से लेकर स्वराजी लाल शर्मा से होकर धोबीपारा और सोहागा मंदिर की पीछे वाली गली, कंकाली पारा मंदिर वार्ड में मंदिर तथा सरल टायपिंग इंस्टीट्यूट की बाजू वाली गली से लेकर गुड़ी तक, महामाया मंदिर वार्ड में महामाया मंदिर, वामनराव लाखे वार्ड तथा टिकरापारा की गलियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बृजमोहन अग्रवाल के अनुसार इन गलियों में मरम्मत तथा सुधार का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। राजधानी में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की प्रमुख सड़कें हैं। पश्चिम क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय इस समय धुआं रहित चूल्हा बंटवा रहे हैं। विकास उपाध्याय ने भी समता कालोनी में प्रमुख नाले के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। वहीं जोन 1 के अंतर्गत आने वाले गुढ़ियारी सहित अन्य वार्डों में विकास कार्य करवा रहे हैं। कुलदीप जुनेजा एवं सत्यनारायण शर्मा भी अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। इसके अलावा शादी-ब्याह समारोह में भी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है।

कैबिनेट मंत्री भी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में अधिक से अधिक दौरा कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कोरोना संकटकाल में कोई काम नहीं करवा पाए थे। अब चुनाव को देखते हुए उन्हें जनता की याद आ रही है। वे भी इस समय सक्रिय हो गए हैं। अनुदान राशि सही समय पर पहुंचे और लोग इसका उपयोग करें इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष को के पास 1 करोड़ की अनुदान राशि बांटने का अधिकार है। मुख्यमंत्री के पास भी अनुदान राशि एवं मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से एक बड़ा फंड है।



## माँ शीतला सेवा समिति को विकास उपाध्याय ने एम्प्लीफायर भेंट किया

**रायपुर 14 दिसंबर।** संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय द्वारा लगातार पश्चिम विधानसभा के अन्तर्गत मन्दिरों, समूहों, समितियों की मांगों के अनुरूप साउण्ड सिस्टम एवं वाद्य यंत्र जैसे कई आधुनिक यंत्रों को सप्रेम भेंट किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज संत रविदास वार्ड क्र.70 अन्तर्गत चंदनडीह में संचालित संस्था माँ शीतला सेवा समिति को एम्प्लीफायर भेंट किया गया। माँ शीतला सेवा समिति द्वारा विधायक महोदय के समक्ष एम्प्लीफायर की मांग रखी गई थी, अतएव विधायक विकास उपाध्याय ने संस्था को एम्प्लीफायर भेंट करने हेतु कार्यालयीन प्रतिनिधियों को आदेशित किया। जिस पर विधायक विकास उपाध्याय की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक आयोजन हेतु एम्प्लीफायर भेंट किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर, माँ शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील धीवर, अभिमन्यू सिंह, ऋषि साहू, गजेन्द्र टेमरे, रामसतीश यादव सहित विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शीतकालीन सत्र के लिए लगने लगे प्रश्न

■ घपले, घोटालों की सुनाई देगी गूंज

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए प्रश्नों का लगना शुरू हो गया है। विधानसभा सचिवालय द्वारा इन प्रश्नों को विभागवार भेजा जा रहा है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार शीतकालीन सत्र 2 जनवरी से शुरू होगा इसमें कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के लिए प्रश्न लगने शुरू हो गए हैं। विधानसभा में इस सत्र में जोरदार हंगामा होगा। ईडी के छापे और इसमें हुई गिरफ्तारी को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अनुसार प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की गिरती जा रही है।




खनिज व शराब माफिया सक्रिय हैं।

विधानसभा में हाल ही में शासन के द्वारा एकतरफा स्थानांतरण सूची जारी होने से शालाओं के शिक्षकविहीन होने का मामला भी उठाया जाएगा। प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना में हुए घोटालों की गूंज सुनाई देगी। विधानसभा के विशेष सत्र में अनुपूरक बजट पास करा लिया गया है। शीतकालीन सत्र में सरकार के पास कोई खास एजेंडा नहीं होगा। देखना है कि सरकार इस सत्र को कितने दिन चलाती है।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने के बहाने नेता बढ़ा रहे अपना वोट बैंक

■ बूथवार मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए सक्रिय हुए महत्वाकांक्षी नेता

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 दिसम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का पुनरीक्षण का निर्देश दिए जाने के बाद अब महत्वाकांक्षी नेता बूथवार अपने समर्थकों एवं नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। नए मतदाता किसी भी नेता के लिए वोट बैंक साबित होते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक जिले में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। रायपुर के तहसीलदार को बीएलओ बनाया गया है। इसके अलावा कई शासकीय शालाओं में शिविर लगाए गए हैं। इसमें व्यक्ति जो 18 दिसम्बर 2023 को अपने उम्र 18 वर्ष पूर्ण कर लेंगे उनका नाम मतादाता सूची में जोड़ा जाएगा। माना, चौबे कालोनी, राजा तालाब, गोल बाजार के अलावा सभी विधानसभा क्षेत्रों के अलग-अलग शासकीय शालाओं में मतदाता सूची में पता, फोटो एवं जन्मतिथि बदलने का काम चल रहा है। यहां पर ऑनलाइन आवेदन मंगवाया गया है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम समाप्त होने की ओर है लेकिन इसे फिर से बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।

वर्तमान विधायकों के अलावा सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के बहाने अपने-अपने समर्थकों को सक्रिय कर ज्यादा से ज्यादा नाम जुड़वाने को कहा है। इस समय अन्य प्रांतों के लोग यहां आकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा रहे हैं। बीएलओ के अनुसार झारखंड, बिहार तथा उत्तर प्रदेश से आए लोग इसमें रूचि ले रहे हैं। मतदाता सूची में सिर्फ एक ही जगह एक व्यक्ति का नाम होगा। ऐसी व्यवस्था आयोग द्वारा की गई है। इसके अलावा आधार कार्ड का भी अपग्रेड किया जा रहा है। च्वाईस सेंटर तथा कलेक्टर कार्यालय में भी लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है।

# टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से

**रायपुर,14 दिसम्बर ।** राजधानी रायपुर में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता मेयर कप का आयोजन 16 दिसम्बर से किया जाएगा, इसमें प्रदेश के 14 नगर निगमों की मेयर इलेवन एवं कमिश्नर इलेवन टीमें भाग लेगी। आज टी.पी.नगर कोरबा स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में दोनों टीम के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, चयन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात टीमें गठित कर प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु राजधानी रायपुर भेजी जाएगी।

नगर पालिक निगम रायपुर की मेजबानी में छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों के मध्य 16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक नेताजी सुभाष स्टेडियम मोतीबाग रायपुर में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रात्रिकालीन आयोजन किया जाएगा, प्रदेश के प्रत्येक नगर निगम से 02 टीमें मेयर इलेवन एवं कश्मिनर इलेवन इस प्रतियोगिता में भाग लेगी, इन टीमों में शामिल खिलाड़ियों का निगम का पार्षद, एल्डरमेन व अधिकारी कर्मचारी होना आवश्यक है। आज टी.पी.नगर कोरबा स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ ही सभापति श्यामसुंदर सोनी, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, रोपा तिर्की, फूलचंद सोनवानी, प्रदीप जायसवाल, पालूराम साहू, अमरजीत सिंह, रवि चंदेल, रूप सिंह गोंड़, दिनेश सोनी, राजेन्द्र सूर्यवंशी, मुकेश राठौर, सुजीत राठौर, संतोष लांझेकर, अब्दुल रहमान, गंगाराम भारद्वाज, तरूण राठौर, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, बसंत चन्द्रा, शाहिद कुजूर, सुफलदास महंत, आरिफ खान, बच्चू लाल मखवानी, रामगोपाल यादव आदि के साथ अन्य पार्षदगण उपस्थित थे।

इन निकायों की टीमें लेंगी भाग - छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों से 02-02 टीमें मेयर इलेवन एवं कमिश्नर इलेवन इन प्रतियोगिता में शामिल होंगी, राजधानी रायपुर के साथ-साथ बिलासपुर, बीरगांव,धमतरी, भिलाई, राजनांदगांव, दुर्ग, जगदलपुर, कोरबा, रिसाली, चिरमिरी, रायगढ़, अंबिकापुर तथा चरौंदा आदि नगर निगमों की टीमें मेयर कप में भाग लेंगी।




## जयंती पर संजय गांधी को कांग्रसियों ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर ।** कांग्रेस नेता स्वर्गीय संजय गांधी की आज 14 दिसम्बर को जयंती है । इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला और सेवादल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोकराज आहूजा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अशोक राज आहूजा के साथ ही महामंत्री सीमा वर्मा प्रवक्ता विकास तिवारी पूर्व विधायक प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सम्मानित गुरमुख सिंह होरा धनंजय मिश्रा रेहान खान पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने संजय गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# कार्यशाला में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर की चर्चा




**रायपुर 14 दिसंबर।** प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) एवं प्रधान महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ ने कार्यालय भवन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के रोकथाम एवं निवारण विषय पर कार्यशाला आयोजित की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्षा किरणमयी नायक ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के रोकथाम से संबंधित वैधानिक प्रावधानों की चर्चा की. उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया.कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पूजा अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक ने महिला सुरक्षा के संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा लागू की जा रही विशिष्ट सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कि छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से बनाए गए मोबाइल एप अभिव्यक्ति के माध्यम से कोई भी महिला तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती है. कार्यक्रम के पहले चरण में कार्यालय की आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा एम उमा, उपमहालेखाकार ने कहा कि भारत के संविधान में सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया गया है. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न का रोकथाम और निवारण इसका एक अभिन्न अंग है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्णचंद्र माझी, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) ने कार्यस्थल में महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा के संबंध में विसाखा गाइडलाइन और संबंधित अधिनियमों एवं प्रावधानों की चर्चा की. कार्यक्रम के अंत में प्रधान महालेखाकार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए. जी. एजिलारासी, उपमहालेखाकार ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया. कार्यक्रम का संचालन आशा श्याम, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी ने किया।

# भाजयुमो ने किया गुढ़ियारी बिजली दफ्तर का घेराव

**रायपुर 14 दिसंबर।** भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री राजेश मूणत की अगुवाई में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले रायपुर के गुढ़ियारी स्थित बिजली दफ्तर का घेराव किया। बिजली बिल वृद्धि के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दोपहर एक बजे बिजली दफ्तर का घेराव कार्यक्रम शुरू किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं की बीच झड़प देखने मिली। भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत समेत पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें पूर्व विधायम नंदकुमार साहू, वरिष्ठ नेता मोतीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ,युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रवक्ता अमित साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, लक्ष्मी वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेताओं थे। पूर्व मंत्री राजेश मूणत की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस की घेराबंदी के बावजूद बिजली दफ्तर का घेराव करने सफलता पा ली। मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स कार्यकर्ताओं को रोक नहीं सकी और घेराबंदी के लिए लगाए गए बैरिकेड को पार करते हुए कार्यकर्ता बिजली दफ्तर के भीतर दाखिल हो गए और अपनी आवाज़ बुलंद की। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि जनता में भूपेश बघेल सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी की है। जन घोषणा में वादे के मुताबिक बिजली बिल हाफ नहीं किया है ,बल्कि बिजली बिल में चार गुना की वृद्धि कर दी है ,जिसके कारण जनता में आक्रोश है। मूणत ने



कहा कि मैंने अगर मैंने रायपुर पश्चिम क्षेत्र में काम किया है,तो जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। मूणत ने बिजली दफ्तर घेराव से पहले आयोजित सभा क दौरान कहा कि एक रिक्शा चालक ने उन्हें बताया है की उसके घर में 5000 बिजली का बिल आया है। उन्होंने कहा कि आदर्श नगर में जनसम्पर्क के दौरान महिलाओं ने उन्हें बताया है कि 7 से 12 हज़ार रुपये तक का बिल आ रहा है,इसका भुगतान गरीब परिवार नहीं कर सकता है। मूणत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने बजट में उद्योगपतियों के बिजली का बिल माफ़ कर रही है और उन्हें 37 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। मूणत ने कहा कि कोरोनाकाल में गरीब परिवार परेशान थे, केंद्र सरकार ने 5 किलो प्रति व्यक्ति चावल मुफ्त में दिया,लेकिन छत्तीसगढ़ की झूठी सरकार ने चावल गरीबो को देने के स्थान पर उसे खुद खा गई। मूणत ने कहा कि हम बिजली बिल का विरोध करने निकले हैं,तो पूरे इलाके में घेराबंदी कर दी है। अगर पुलिस अपराध पर लगाम कसने में सफल होती,तो हम उनका स्वागत करते,लेकिन अभी हालत ऐसी है कि पुलिस किसी को पकड़ती है,तो कांग्रेस के नेता उसे थाने से छुड़वा लेते हैं। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से निकाली जाने वाली हाथ जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस एक यात्रा निकालने वाली है,जिसका नाम हाथ जोड़ो यात्रा है,लेकिन जनता कांग्रेस से कह रही है कि पीछा छोडो ,जाओ घर । उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस के झूठ से त्रस्त हो चुकी है और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनादेश देगी। मूणत ने कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह गरीब ठेले वालों से उनका रोजगार छीनने का षड़यत्र रच रही है। उन्होंने खुलासा किया कि नगर साइंस कॉलेज मैदान के पास ठेले वालो को हटाकर चौपाटी बनाने की योजना बनाई गई है,जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करेगी। मूणत ने ऐलान किया कि वह कल बुधवार को दोपहर 2 बजे चौपाटी के लिए प्रस्तावित स्थान पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर धरना देने के साथ चक्काजाम करेंगे। उन्होंने जनता से भी इस विरोध प्रदर्शन में इकठ्ठा होकर अपना विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 27 दिसंबर को पीएम आवास योजना के तहत गरीबो का मकान छीनने के विरोध में और गरीब परिवारों को पट्टा देने की मांग लेकर नगर निगम का घेराव करेगी। नंदकुमार साहू पूर्व विधायक, ज्ञान चंद चौधरी, सुनील चौधरी,मोतीलाल साहू संजय श्रीवास्तव रवि भगत प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राव अग्रवाल श्रीमती लक्ष्मी वर्मा सीमा संतोष साहू कमली देवानंद विनोद अग्रवाल राजेंद्र को दावत श्रीमती गोदावरी गज्जू साहू राजेश पांडे राजेश ठाकुर दीपक जयसवाल आशु चंद्रवंशी हरीश ठाकुर अमरजीत छाबड़ा सुभाष तिवारी मृत्युंजय दुबे मनोज वर्मा अशोक पाण्डेय , ओंकार बैस , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , बजरंग खंडेलवाल , नवीन शर्मा , पुरषोत्तम देवांगन , गोवर्धन खंडेलवाल , सत्यम दुवा , आशु चंद्रवंशी , गोपी साहू , युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री, अमित मैसेरी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, गोविंदा गुप्ता , मंडल अध्यक्ष बी श्रीनिवास राव , भुपेन्द्र ठाकुर , प्रितम ठाकुर , अनिल सोनकर , मंडल महामंत्री, संजय सिंह , राजीव श्रीवास , विकास सेठिया , संतोष साहू , दिनेश शर्मा , नवीन सिंह , पुरषोत्तम मोहले , गजानंद साहू , चंद्रप्रकाश शर्मा , सुरेन्द्र साहू , राजेश ठाकुर सुनील चंद्राकर भोलाराम साहू कामिनी देवांगन ,गोदावरी साहू ,विनोद अग्रवाल रजियंत ध्रुव , कमलेश बसंत वर्मा , दीपक जायसवाल, हेमेंद्र साहू , शमसुन निशा , शकुन ठाकुर, अनिता पंडित, सुमन सिंह, बजरंग निषाद, नारद कौशल, मृत्युंजय दुबे, मनोज वर्मा , श्रीमती मीनल चौबे, रमेश ठाकुर,जयंती पटेल, संजू नारायण सिंह, तुषार चोपड़ा आदि उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23